वर्ष- 21 अंक - 234 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, शनिवार 07 फरवरी 2026

# बेकाबू कंटेनर ने 15 लोगों को कुचला, 6 की मौत

## लघु शंका के लिए बस से उतरे यात्री चपेट में आए



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

उत्तरप्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर बेकाबू कंटेनर ने 15 लोगों को कुचल दिया जिससे 6 लोगों की मौत हो गई और 9 लोग घायल हो गए। दिल्ली से कानपुर की ओर जा रही एक बस के कुछ यात्री लघुशंका के लिए एक्सप्रेस-वे पर उतरे थे, तभी तेज रफ्तार कंटेनर ने इन यात्रियों को कुचल दिया।

### कार नहर में, बस खाई में गिरी, 6 की मौत

मध्यप्रदेश में इटारसी के पास इटारसी-पथरोटा मार्ग पर शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पथरोटा की बड़ी नहर की रेलिंग तोड़ती हुई गहरे पानी में जा गिरी। कार में सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। उधर राजस्थान के बांसवाड़ा में शादी समारोह में जा रही बस अनियंत्रित हो खाई में गिरी जिससे 3 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

### बस में आग, बाल-बाल बचे यात्री

आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में एक प्राइवेट बस में आग लग गई। ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क किनारे रोक दिया। इसके बाद सभी 39 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

# पप्पू यादव पहले गिरफ्तार फिर बीमार, अस्पताल में भर्ती

पटना ● एजेंसी



पूर्णिया के बाहुबली सांसद पप्पू यादव को कल रात गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद वे बीमार हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। गिरफ्तारी के दौरान रात को 3 बजे तक ड्रामा चलता रहा। गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस से पप्पू यादव के समर्थक भिड़ गए। इस दौरान पप्पू यादव ने कहा कि मेरी हत्या हो सकती है। बाद में पप्पू यादव की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें पटना के अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। पप्पू यादव को एक घर पर अवैध कब्जा करने पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान चोट लगने से पप्पू के सिर में दर्द होने लगा और धड़कन भी बढ़ने लगी।

# शादी में दुल्हन की बहन की मौत से मातम

**नर्मदापुरम.एजेंसी।** मप्र में नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर के ग्राम जमुनिया में शादी से पहले दुल्हन की छोटी बहन की संदिग्ध मौत हो गई, जिससे शादी की खुशियों के बीच घर में मातम पसर गया। युवती की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हुई। दुल्हन की बहन ने दोपहर में डांस किया था फिर वह सिरदर्द का बोलकर सो गई थी।

### धर्मशाला में 4 लाशें मिलने से हड़कंप

**राजगीर.एजेंसी।** बिहार के राजगीर जिले में घूमने आए 4 पर्यटकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सभी का शव एक धर्मशाला में मिला। सभी पर्यटक बेंगलुरु के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मरने वालों में दो महिला और दो पुरुष हैं। दिगंबर जैन धर्मशाला के मैनेजर ने बताया कि सभी लोग 31 जनवरी को राजगीर आए थे और कमरे में ठहरे थे।

# अमेरिका ने पीओके को माना भारत का हिस्सा

**नई दिल्ली.एजेंसी। पाकिस्तान के खिलाफ पीओके वाली जंग में भारत को अमेरिका का साथ मिला है। अमेरिका ने भी माना है कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का ही हिस्सा है। इसके लिए अमेरिका ने एक नक्शा भी जारी किया है। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय यानी यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ने भारत-अमेरिका के नए अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट की जानकारी देते हुए जो नक्शा इस्तेमाल किया है, उससे यह साफ हो गया कि अमेरिका भी भारत की बात मानता है।**

# आगरा को जला दो दिल्ली को दहला दो

**शनिवार.एजेंसी।** पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में तथाकथित 'कश्मीर सॉलिडैरिटी डे' के मौके पर आतंकी कमांडरों ने खुले मंच से भारत के खिलाफ जहर उगला। इन रैलियों में भारत के खिलाफ जिहाद का आह्वान किया गया और बड़े भारतीय शहरों को निशाना बनाने की धमकियां देते हुए आगरा को जलाने, दिल्ली को दहलाने की बात की गई।

### कश्मीर में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे

**जम्मू.एजेंसी।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शिया मस्जिद पर हुए आत्मघाती हमले के बाद कश्मीर के श्रीनगर, बारामूला और बांडीपोरा में शिया समुदाय ने प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। कल मस्जिद में हुए धमाके में 31 लोगों की मौत हुई थी।

# बंदर का शरीर, ओबामा का चेहरा ट्रंप ने शेयर किया वीडियो, मचा बवाल



**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किए गए एक विवादित वीडियो को लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। वीडियो में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा को आपत्तिजनक तरीके से दिखाया गया था, जिसे नस्लवादी और अपमानजनक बताया गया। ओबामा और उनकी पत्नी के चेहरे जानवरों (बंदर) पर लगाए गए दृश्य दिखाए गए थे। आलोचना के बाद पोस्ट हटाई गई और ट्रंप ने इसकी निंदा तो की, लेकिन माफी मांगने से इनकार कर दिया।

## न्यूज़ ब्रीफ...

### आज से 18 प्रतिशत टैरिफ

**शनिवार.एजेंसी।** भारत पर अमेरिकी एक्स्ट्रा टैरिफ आज से खत्म हो गया और आज से भारत पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। भारत-अमेरिका के बीच हुई नई डील से अब अमेरिका 30 लाख करोड़ डॉलर का बाजार खोलेगा जबकि भारत 500 अरब डॉलर का सामान खरीदेगा।

### एक पिता के 389 बच्चे

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बीरभूम जिले के नानूर विधानसभा क्षेत्र में एक व्यक्ति को रिकॉर्ड में 389 मतदाताओं का पिता दर्शाया गया है। हावड़ा जिले के सांकराइल इलाके में भी 310 मतदाताओं के साथ एक ही अभिभावक का नाम दर्ज मिला। राज्य में ऐसे कम से कम सात मामले सामने आए हैं, जहां एक ही व्यक्ति के बच्चों की संख्या 100 से अधिक दिखाई गई है।

### मोदी गए मलेशिया

**नई दिल्ली.एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिन के दौरे पर मलेशिया रवाना हो गए। यात्रा का मकसद भारत-मलयेशिया द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करना है। व्यापार, निवेश, रक्षा और तकनीक पर चर्चा होगी। स्वागत में 800 कलाकारों का सामूहिक नृत्य कार्यक्रम होगा, जिसे रिकॉर्ड के रूप में दर्ज कराने की तैयारी है।

### आज ओला-उबर-रैपिडो की हड़ताल

**शनिवार.एजेंसी।** आज देशभर में ओला-उबर-रैपिडो की हड़ताल है जिससे उन लोगों को परेशानी उठाना पड़ रही है जो कि ओला-उबर और रैपिडो वाहनों से सफर करते हैं। इनका कहना है कि न तो उनका कोई किराया तय है और न ही कोई नियम, बस उनका शोषण हो रहा है।

### सुनेत्रा पवार ने डाला बारामती में वोट

**मुंबई.एजेंसी।** महाराष्ट्र के 12 जिला परिषदों और 125 पंचायत समितियों के लिए आज मतदान हो रहा है। अजित पवार के निधन के बाद उप मुख्यमंत्री बनीं उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार ने आज बारामती में मतदान किया।

### ओवैसी की पार्षद के समर्थन से बना भाजपा का मेयर

**अमरावती.एजेंसी।** अमरावती महानगरपालिका के मेयर चुनाव में ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम की पार्षद मीरा कांबळे के समर्थन से भाजपा उम्मीदवार श्रीचंद तेजवानी मेयर निर्वाचित हुए। इसके बाद एआईएमआईएम ने कॉर्पोरेटर मीरा कांबळे को निष्कासित कर दिया। उधर मुंबई के मेयर का चुनाव 11 फरवरी को होगा जिसके लिए आज नामांकन दाखिल होंगे।



# भाजपा नेता ने फ्लाय ओवर मंजूरी पर बांटी मिठाई

## खुशी का इजहार पटाखे भी फोड़े

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि। गोल सर्कल से आगे मशाल चौराहा पर फ्लाय ओवर ब्रिज की मंजूरी के लिए भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने प्रयास भी किए थे, पत्र भी लिखे थे। मंजूरी के बाद मशाल चौराहा पहुंचकर भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने साथियों के साथ खुशी का इजहार किया, पटाखे भी फोड़े, मिठाई भी बांटी और फ्लाय ओवर स्वीकृति पर साधुवाद भी भेजा। इस अवसर पर सुमित गर्ग, सुनील प्रजापत, दुर्गाशंकर पाठक, यश सैनी, सुदीप पाठक मौजूद रहे।

# परमार ने मंदसौर पहुंचकर उठाया मुद्दा



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मंदसौर की नाबालिग बेटी को गमराह कर दूसरे वर्ग के युवक द्वारा दुष्कर्म आरोप मामले में बड़ी संख्या में दलित समाजजन एकत्रित हुए। नाबालिग लापता हुई थी तभी से समाजजन आक्रोशित थे। इसकी जानकारी बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को भी दी गई थी वे भी मंदसौर पहुंचे। पुलिस ने पीड़िता को ढूंढा, पूरा घटनाक्रम जाना और उसी आधार पर आरोपित दूसरे वर्ग के युवक को गिरफ्तार करने की बात भी मनोज परमार ने बताई। परमार समाजजनों के साथ मौजूद रहे। पीड़ित परिवार को भी ढांढस दिलाया। बड़ी संख्या में दलित समाजजन मौजूद रहे।



## सेवा सप्ताह में सामग्री का वितरण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पूर्व मंत्री लक्ष्मणसिंह गौड़ की पुण्यतिथि अवसर पर चल रहे समरसता सेवा सप्ताह के अन्तर्गत वार्ड 83 के बस्ती क्षेत्र में वस्त्र और अन्य सामग्री का वितरण किया गया। हिन्द रक्षक के एकलव्यसिंह गौड़, पार्षद जीतू राठौर, शेरू लड्ढा, अंकित चौपड़ा सहित अन्य मौजूद थे। वहीं आज इसी सेवा सप्ताह के अन्तर्गत शहीद भगतसिंह मंडल द्वारा गौसेवा कार्य श्रीराम मंदिर पंचकुइया में दोपहर 3.30 बजे से किया जाएगा।

# स्कूल के बाहर संचालित सिटी बस स्टॉप की शिकायत

## यातायात पुलिस से बेरिगेट्स लगाने की गुहार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। खंडवा रोड नाका स्थित गारमेंट्स पब्लिक स्कूल की प्राचार्य ने अटल सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस के अधिकारी को पत्र लिखकर कहा कि स्कूल के बाहर अवैध रूप से सिटी बस स्टाप संचालित किया जा रहा है। यहीं से सिटी बस द्वारा सवारी को बैठाया-उतारा जा रहा है और बसें गेट के समक्ष खड़ी हो जाती है, स्कूल में आने-जाने वाले वाहन और पालक से लेकर अन्य भी परेशान होते हैं। विद्यार्थियों को भी असुविधा होती है। पत्र में यह भी लिखा कि पूर्व में भी अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस को पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नया सत्र अप्रैल से शुरू होना है और अभी भी करीब पौने दो माह का सत्र बाकी है। इन सिटी बस से कभी भी दुर्घटना भी विद्यार्थियों के साथ घट सकती है। इसी तरह का पत्र यातायात पुलिस को भी प्राचार्य ने लिखा जिसमें 1600 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत है और उसमें तीन माह से मुख्य द्वार के दोनों ओर सिटी बस, ऑटो रिक्शा संचालित होने की बात भी लिखी गई है। प्राचार्य ने दूसरे पत्र में यातायात पुलिस को पत्र में यह भी लिखा कि 6 स्वचलित बेरिगेट्स भी बाहर लगवाए जाए, जिससे सिटी बस और ऑटो रिक्शा को नियंत्रित किया जा सके। इस मामले में प्राचार्य ने कलेक्टर को भी पत्र लिखा है। अब देखना है कि अलग-अलग विभागों में प्राचार्य के पत्र का कितना असर होता है।

# गुलमोहर के पेड़ों की कटाई





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गुलमोहर कालोनी क्षेत्र के बैकुण्ठधाम कालोनी में नगर निगम उद्यान विभाग ने 3 फरवरी को वृक्ष कटाई अनुज्ञा जारी की और तुरंत 4 और 5 फरवरी के बीच मकान के बाहर रोड पर लगे गुलमोहर के पेड़ों की कटाई कर दी। इस पर सवाल उठना शुरू हो गए। वृक्ष हरे-भरे थे, लेकिन जो पेड़ काटने की स्वीकृति अनुज्ञा दी गई उसमें डेमेड प्रोपर्टी बताया गया, जबकि यह सब हरे-भरे पेड़ थे। यह सभी वृक्ष मकान के बाहर शासकीय भूमि पर थे और इन पेड़ों से कोई सार्वजनिक और निजी सम्पत्ति पर क्षति नहीं पहुंच रही थी, जबकि आधार निजी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने का बनाया गया था। अनुज्ञा की स्वीकृति और काटने के समय में देरी नहीं हुई। इसी कारण उद्यान विभाग पर कई प्रश्न उठ रहे हैं। पर्यावरण प्रेमियों ने इस मामले में ऊपर तक शिकायत का मन बनाया है। नियम अनुसार वृक्ष कटाई से पूर्व जांच और संतोषजनक कारण जरूरी है, जबकि वृक्षों का संरक्षण अधिनियम पहले से बना हुआ है और उद्यान विभाग को रोड पर लगे गुलमोहर के इन पेड़ों को काटने में इनकी स्वीकृति देने में देरी नहीं की गई। सूत्र तो यह भी कह रहे हैं कि पेड़ों की कटाई के दौरान उद्यान विभाग का अमला मौजूद था। काटी गई लकड़ियां कहीं तो यही जा रही है कि सिटी फॉरेस्ट में इन्हें जमा करा दिया गया है इस पर भी प्रश्न उठे कि इन लकड़ी का मूल्यांकन भी नहीं कराया गया। इसके भंडारण और आगे उपयोग की प्रक्रिया के तहत भी कार्रवाई नहीं की गई। एक साथ 5 वृक्षों की कटाई का मामला अब पर्यावरणविदो ने मुद्दा के रूप में उठा लिया है। पर्यावरणविदो का कहना है कि शहर के हरित संपदा को बचाना जरूरी है।

### जनप्रतिनिधियों से भी पूछे सवाल

पर्यावरणविदों ने जनप्रतिनिधियों से भी सवाल पूछे उन्होंने प्रश्न किया कि सांसद का कार्यालय भी ज्यादा दूर नहीं है, वहीं क्षेत्रीय विधायक, पार्षद भी इस मुद्दे पर चुप क्यों है उन्हें मुखर होना चाहिए था।

# उपमुख्यमंत्री देवड़ा का आज प्रवास

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा आज इन्दौर प्रवास पर आ रहे है। वे आज दोपहर में नायता मुंडला स्थित स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे। वे दोपहर 12 बजे इंदौर से बलवाड़ा, जिला खरगोन के लिये रवाना होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा बलवाड़ा से शाम 4 बजे वापस इंदौर आएंगे। इंदौर में स्थानीय कार्यक्रम के पश्चात वे शाम 6 बजे मंदसौर के लिये प्रस्थान करेंगे।



# दाल उद्योग और कृषि प्रोसेसिंग को मिलेगा नया विस्तार

## निजी क्षेत्र में अनाज मंडी व फूड पार्क स्थापित करने वाले निवेशकों को दी जाएगी पूरी मदद- मुख्यमंत्री यादव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और दाल उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। प्रदेश सरकार किसान, उद्योग और व्यापार तीनों को साथ लेकर विकास का नया मॉडल तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में अनाज मंडी और फूड पार्क स्थापित किए जाए इसके लिए राज्य शासन द्वारा पूरी मदद दी जाएगी। निजी क्षेत्र में अनाज मंडी और फूड पार्क स्थापित करने के लिए उन्होंने निवेशकों का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहाँ ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रीन एक्स प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विधायक, जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी और दाल मिल से जुडे पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# मल्टीलेवल पार्किंग का महापौर ने किया निरीक्षण

## अप्रैल तक शुरू होगी पार्किंग सुविधा



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पलासिया स्थित आदर्श रोड पर निर्माणाधीन मल्टीलेवल पार्किंग परियोजना का निरीक्षण एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, राकेश जैन, पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार, नगर निगम आयुक्त अभय राजा-गांवकर समेत संबंधित एजेंसी के अधिकारी के साथ किया। अप्रैल तक पार्किंग शुरू करने का लक्ष्य दिया गया। महापौर भार्गव ने बताया कि इंदौर में यातायात को सुगम बनाने के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थान उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, 'सुभाष नगर मल्टीलेवल पार्किंग शुरू हो चुकी है। आदर्श रोड पर बीओटी आधार पर जो मल्टीलेवल पार्किंग तैयार हो रही है, उसे अप्रैल तक शुरू करने का लक्ष्य है। इससे आदेश रोड और ग्रेटर कैलाश क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव काफी कम होगा।' महापौर ने जानकारी दी कि निर्माणाधीन पार्किंग में 150 कार और लगभग 150 दोपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी। शुल्क नगर निगम के निर्धारित दरों के अनुसार रहेगा। उन्होंने स्वीकार किया कि निर्माण की रफ्तार कुछ धीमी है, लेकिन निगम ने हाल ही में विभिन्न पार्किंग स्थलों पर काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

### जागरूकता और कड़ी कार्रवाई होगी

महापौर ने कहा कि लोगों को निर्धारित पार्किंग का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जाएगा। 'अगर लोग निर्धारित पार्किंग में वाहन नहीं खड़ा करेंगे, तो उनके चालान भी बनाए जाएंगे। शहर की यातायात व्यवस्था सुधारना प्राथमिकता है।' उन्होंने विश्वास जताया कि इस मल्टीलेवल पार्किंग के शुरू होने से क्षेत्र के नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

# अब हर शनिवार को चलेगा रेड स्पॉट साफ करने का अभियान

## पान गुटखा थूकने वालों को पहले जाकर समझाइश फिर बनाएंगे चालान






**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

इंदौर नगर निगम के द्वारा हर शनिवार को रेड स्पॉट साफ करने का अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही सड़क पर पान गुटखा थूकने वालों को पहले समझाईश दी जाएगी फिर उनका चालान बनाया जाएगा।

स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने बताया कि स्वच्छता की पहचान इंदौर शहर स्वच्छता में हमेशा नवाचार करता आया है। इसी क्रम में आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा सरवटे बस स्टैंड परिसर से प्रति शनिवार से आयोजित क्लीन रेड स्पॉट अभियान की शुरुआत की गई।

भार्गव ने कहा कि देश में 8 बार स्वच्छता में नंबर वन इंदौर शहर में आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए आज से प्रति शनिवार को समस्त 85 वार्डों में चलाई जाने वाले क्लीन रेड स्पॉट अभियान की शुरुआत की गई। भार्गव ने कहा कि इंदौर स्वच्छता की पहचान है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा स्वच्छता में हमेशा नवाचार किया जाता है इसी क्रम में रेड स्पॉट के विरुद्ध अभियान प्रारंभ किया गया है इस अभियान के साथ ही नगर निगम और एनजीओ टीम के सदस्यों द्वारा रेड स्पॉट की सफाई क़रते हुए, यहां वहां थूकने वालों को रोका जाएगा और उन पर चालानी कार्रवाई भी की जाएगी।

# भागीरथपुरा के रहवासी पहुंचे टंकी पर प्रदर्शन करने

## *जगह-जगह वॉल्व लगने से प्रेशर हुआ कम, शुरू में कुछ देर आ रहा है गंदा पानी, लगाया आरोप*




**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

आज सुबह भागीरथपुरा के रहवासी भागीरथपुरा स्थित पानी की टंकी के पास पहुंचे और वहां उन्होंने नारेबाजी की। इस प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल हो गई। नई बस्ती भागीरथपुरा के रहवासियों का कहना था कि जो वॉल्व पानी के सप्लाय के लिए जगह-जगह लगाए गए हैं, उस वॉल्व के कारण अब पानी का प्रेशर घरों में कम आ रहा है और शुरु में जो पानी आ रहा है वह पानी भी गंदा आ रहा है, जो सरकारी बोरिंग कराकर उसकी लाइनें बिछाई गई थी वे कनेक्शन भी काट दिए गए हैं इसके खिलाफ भी आज लोगों ने आवाज उठाई, जहां-जहां नई लाइन डाली गई थी वहां अब टैंकर पहुंचना भी बंद हो गए हैं इससे रहवासियों को पानी की समस्या आ रही है। इन सभी मुद्दों पर आज रहवासी एकजुट हुए और टंकी पर पहुंचकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

# पार्षद ने लगाए चौके-छक्के



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बिरसामुंडा क्रिकेट लीग का आयोजन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे ने करवाया। आयोजन में विधानसभा 5 के वार्ड 54 से जुड़े पार्षद महेश बसवाल भी पहुंचे और उन्होंने निशांत खरे की मौजूदगी में बल्ला थामा और जब उन्हें गेंद डाली गई तो चौके और छक्के भी उन्होंने मारे। इस दौरान अतुल राजपुत, अजय अग्निहोत्री, दिनेश रोकड़े सहित अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस के लिए होगी 50 पदाधिकारियों को बनाने की चुनौती

## हर विधानसभा से लेना है उपाध्यक्ष, महामंत्री और सचिव

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

शहर कांग्रेस को कुल 50 लोगों की इकाई बनाना है इनमें 9 उपाध्यक्ष, 15 महामंत्री, 24 सचिव, 1 कोषाध्यक्ष बनाना है। बनाना तो संगठन महासचिव भी है, लेकिन वह पूर्व में नियुक्ति की जा चुकी है इसलिए 49 पदाधिकारियों की ही नियुक्ति की जाना है। इधर शहर कांग्रेस के वरिष्ठ है उनको स्थाई आमंत्रित सदस्य के रूप में लेना है। साथ में पूर्व सांसद-विधायक को भी आमंत्रित करना है और पूर्व पार्षद को भी विशेष आमंत्रित किया जाएगा। अब प्रश्न यही है कि इंदौर शहर में साढ़े पांच विधानसभा है और ऐसे में विधानसभा 1, 2 और 5 सबसे बड़ी है। विधानसभा 3 सबसे छोटी है उसके बाद विधानसभा 4 है और राऊ का आधा हिस्सा शहर में लगता है। ऐसे में किस विधानसभा से कितने पदाधिकारी बनाए जाएंगे इसे लेकर भी मशक्कत कांग्रेस को करना होगी। शहर कांग्रेस द्वारा बनाए गए विधानसभा प्रभारी से भी जल्द इस मामले में राय ली जाएगी और उनसे भी लिखित में उपाध्यक्ष, महामंत्री और सचिव का नाम लिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि कोषाध्यक्ष पद पर शैलेष गर्ग का नाम पदाधिकारी के रूप में आगे बढ़ेगा। अब तीन पदों के लिए 48 नामों की घोषणा की जाना है और उसके पहले चयन प्रक्रिया कांग्रेस के लिए बड़ी पेचिदा होगी। विधानसभा 1 से उपाध्यक्ष 2, महामंत्री 3 और सचिव 5, विधानसभा 2 से उपाध्यक्ष 2, महामंत्री 3 और सचिव 5, विधानसभा 3 से उपाध्यक्ष 1, महामंत्री 2 और सचिव 3, विधानसभा 4 से उपाध्यक्ष 1, महामंत्री 2 और सचिव 3, विधानसभा 5 से उपाध्यक्ष 2, महामंत्री 3 और सचिव 5, विधानसभा राऊ के शहरी क्षेत्र से उपाध्यक्ष 1, महामंत्री 2 और सचिव 3 लिए जाना है। यह प्रोफार्मा सूची भोपाल से भेजी गई है। विधानसभा प्रभारियों को भी बैठक के दौरान आमंत्रित किया जाएगा।

# कांग्रेसी पहुंचे पाराशर नगर में प्रदर्शन करने

## लगाए आरोप जिन्होंने निगम में शिकायत की उन्हें भेज दिए नोटिस

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि राऊ विधानसभा के वार्ड 80 के अन्तर्गत आने वाले वीर सावरकर झोन के अन्तर्गत रहवासियों ने निगम में गंदे पानी की शिकायत की थी और इन्हीं शिकायत करने वाले मकान मालिकों को निगम ने नोटिस पहले से ही दे दिए थे, अब निगम ने इन मकान मालिकों से मकान के दस्तावेज और रजिस्ट्री के साथ नक्शा पास भी मांगा है। जहां मुख्य शिकायत हुई थी वहां पार्षद प्रशांत बड़वे ने समस्या को हल करा दिया था और पानी की जांच की तो पानी भी साफ मिला था। इस पूरे मामले में प्रगति नगर गृह निर्माण संस्था के सदस्यों का मामला भी सामने दिखाई दे रहा है। इधर संस्था का कहना है कि उनके प्लाट पर कब्जा करके मकान बनाए गए हैं इसीलिए निगम ने उन्हें नोटिस दे दिए हैं, जबकि कांग्रेस का कहना है कि इन रहवासियों ने गंदे पानी की शिकायत की थी और उन्हें ही नोटिस दे दिए गए थे। कांग्रेस के स्थानीय नेता तन्मयसिंह चौहान ने पूरा मामला शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे को बताया और आज चिंटू चौकसे भी पाराशर नगर पहुंचे और वे वीर सावरकर झोन पर भी पहुंच रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक कांग्रेसियों का पहुंचना जारी है। कांग्रेसियों का यही कहना है कि झूठी शिकायत पर निगम का झोन कार्रवाई कर रहा है, जो गलत है।

# जनशक्ति नगर में रोड पर ड्रेनेज का पानी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि वीआईपी रोड 60 फीट रोड के हालात इन दिनों खराब है जनशक्ति नगर की ड्रैनेज लाईन का पानी रोड पर लगातार बह रहा है। इसकी शिकायतें झोन पर भी की गई, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। आवासीय अनुमति पर व्यावसायिक दुकानें और होटल भी संचालित हो रही है उस पर भी कार्रवाई नहीं हो रही है।

# घर के सामने सीढ़ी बनाने को लेकर खूनी संघर्ष

## चाचा-भतीजे के परिवारों में चले डंडे, दोनों पक्षों के 4 लोग घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**मानपुर थाना इलाके के ग्राम हासलपुर में घर के बाहर सीढ़ी निर्माण को लेकर दो पड़ोसी परिवारों के बीच हिंसक झड़प हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें महिलाओं सहित चार लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, पहले पक्ष के फरियादी सलीम पिता मेहमूद खान, जो पेशे से दूध व्यापारी हैं, ने बताया कि वे अपने घर के दरवाजे के सामने मिस्त्री से सीढ़ी बनवा रहे थे। इसी दौरान उनके चाचा हैदर खान और भाई भादर वहां पहुँचे और निर्माण का विरोध करते हुए गाली-गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने डंडों से हमला कर दिया। जब सलीम की पत्नी निलोफर बीच-बचाव करने आईं, तो आरोपियों ने उन पर भी डंडे से वार किया, जिससे उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। सलीम ने भादर, हैदर, भूरा, ओसाब और फिरदौस के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

वहीं, दूसरे पक्ष से मेडिकल स्टोर संचालक भादर पिता हैदर खान ने भी काउंटर रिपोर्ट दर्ज कराई है। भादर का आरोप है कि सलीम सार्वजनिक रास्ते पर सीढ़ी का निर्माण कर रहा था, जिससे आवागमन में समस्या होती। जब उनके पिता हैदर ने सलीम को समझाने की कोशिश की, तो सलीम और उसकी पत्नी निलोफर ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में भादर के सिर और चेहरे पर चोटें आई हैं। पुलिस ने भादर की शिकायत पर सलीम और निलोफर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है।

# सड़क को चौड़ा करने के लिए मकान के आगे के निर्माण को तोड़ा



## सड़क की चौड़ाई की जाएगी दोगुनी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। इंदौर नगर निगम के द्वारा सड़क को चौड़ा करने के लिए मकान के आगे के निर्माण को तोड़ने के कार्य को अंजाम दिया गया है। अब कुम्हारखाड़ी क्षेत्र में सड़क की चौड़ाई को दोगुना किया जाएगा।**

नगर निगम की रिमूवल गैंग ने कल वार्ड क्रमांक 9 के अंतर्गत आने वाले वृंदावन कॉलोनी से कुम्हार खाड़ी मुक्तिधाम की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित मकान के आगे के निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की। इस स्थान पर सड़क की चौड़ाई 20 फीट है। इस चौड़ाई को बढ़ाकर 40 फीट करने की योजना बनाई गई है। इस योजना की जानकारी क्षेत्र के नागरिकों को दे दी गई थी। नागरिकों के द्वारा भी सड़क चौड़ा करने के लिए अपने निर्माण हटाने में सहयोग किया गया। इस टीम के पहुंचने के पहले ही कई लोगों ने तो अपने मजदूर लगाकर निर्माण तोड़ना शुरू करवा दिया था। जिन लोगों के द्वारा खुद निर्माण तुड़वाए जा रहे थे उन लोगों को नगर निगम की टीम के द्वारा सहयोग करते हुए निर्माण को तोड़ा गया और जिन्होंने मजदूर नहीं लगाए गए थे उनके यहां पर निगम की टीम के द्वारा करवाई की गई। यहां निर्माण तोड़े जाने के साथ ही कल से ही सड़क का निर्माण भी शुरू कर दिया गया।

# अतिक्रमण हटाने को लेकर बनी विवाद की स्थिति



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा 1 के वार्ड क्रमांक 9 में कल उस समय विवाद की स्थिति निर्मित हो गई जब वर्षों से शासकीय भूमि पर किए गए करीब 18 हजार वर्गफीट अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध जताया, जिससे मौके पर तनाव का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार वृंदावन कॉलोनी चौराहे से कुम्हारखाड़ी नाग मंदिर तक जाने वाली 40 फीट चौड़ी सड़क के दोनों ओर लंबे समय से अतिक्रमण फैला हुआ था। रहवासियों की शिकायतों और यातायात बाधा को देखते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क किनारे किए गए अस्थायी निर्माण और कब्जों को हटाया गया। बताया जा रहा है कि संबंधित भूमि शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज है, जिस पर निजी कब्जा कर लिया गया था। कार्रवाई के दौरान निगम अमले की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया। अभी और भी बचे हुए अतिक्रमण हटाने के संकेत अधिकारियों ने दिए।

# शादी से लौट रहे दोस्तों पर जानलेवा हमला

## ओवरटेक कर रोकी गाड़ी और पेट में घोंपा चाकू, हालत गंभीर

**इंदौर। महू थाना क्षेत्र के गुर्जरखेड़ा में देर रात बदमाशों ने जमकर आतंक मचाया। दोस्त की शादी से लौट रहे युवकों को बदमाशों ने न केवल रोका, बल्कि मामूली विवाद के बाद एक युवक के पेट में चाकू से दो बार वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, आम्बाचंदन निवासी फरियादी पियूष पिता विनोद यादव ने बताया कि वह अपने दोस्त युवराज और माखन के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गुर्जरखेड़ा आए थे। कार्यक्रम के बाद तीनों दोस्त अलग-अलग मोटरसाइकिल से सात रास्ता क्षेत्र में जूस पीने गए और वहां से वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे मस्जिद चौराहे के पास पहुंचे, पीछे से एक स्कूटी पर सवार तीन युवकों ने उन्हें ओवरटेक किया और जानबूझकर अपनी स्कूटी चौराहे पर गिरा दी।

पियूष ने बताया कि स्कूटी सवार तीनों बदमाश बिना किसी बात के गालियां देने लगे। जब पियूष ने विरोध किया, तो एक आरोपी हाथ में कड़ा पहनकर उसकी तरफ दौड़ा और सिर पर वार करने की कोशिश की। अपने दोस्त को बचाने के लिए जब माखन बीच में आया, तो आरोपियों में से एक ने हाथ में लिया हुआ चाकू माखन के पेट में दो जगह मार दिया। हमला इतना जोरदार था कि माखन वहीं गिर पड़ा और खून बहने लगा।वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश घमंडी लहजे में बोले 'इसको अब ले जाओ, चाकू फंसा दिया है।' जाते-जाते उन्होंने धमकी दी कि अगर दोबारा गाड़ी ढंग से नहीं चलाई, तो जान से खत्म कर देंगे। आसपास के लोगों ने बताया कि चाकू मारने वाले मुख्य आरोपी का नाम नितिन उर्फ कालू है, जबकि उसके साथ सौरभ चौहान और एक अन्य साथी था।घायल माखन को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। महू पुलिस ने पियूष की शिकायत पर नितिन और सौरभ सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर पिया था एसिड, पति समेत 5 पर केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**गौतमपुरा थाना क्षेत्र में 19 जनवरी को हुई एक महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। मर्ग जांच के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि महिला की मौत सामान्य नहीं थी, बल्कि उसने ससुराल पक्ष की ओर से मिलने वाली असहनीय मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर आत्मघाती कदम उठाया था। पुलिस ने इस मामले में मृतिका के पति, सास-ससुर, देवर और एक अन्य रिश्तेदार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और प्रताड़ना का गंभीर अपराध दर्ज किया है।**

पुलिस जांच में यह दर्दनाक सच्चाई सामने आई है कि मृतिका अरुणा को उसके ससुराल वाले लंबे समय से प्रताड़ित कर रहे थे। करीब 7 महीने पहले घर के कामकाज की मामूली बात पर पति, सास, ससुर और देवर ने मिलकर अरुणा की बेरहमी से पिटाई की थी और उसे घर से बेदखल कर दिया था। इसके बाद अरुणा अपने पति उमेश के साथ गौतमपुरा में किराए के मकान में रहने लगी थी, लेकिन वहां भी उसके दुखों का अंत नहीं हुआ। सास-ससुर और देवर फोन के जरिए उसे लगातार मानसिक रूप से परेशान करते रहते थे। इसके अलावा उमेश के परिवार का एक अन्य सदस्य महेश अक्सर घर आकर पति के साथ शराब पीता था और नशे में अरुणा को भद्दी गालियां देकर अपमानित करता था। अरुणा का पति भी शराब के नशे में उसके साथ आए दिन मारपीट करता था।

खुदकुशी से ठीक एक दिन पहले 18 जनवरी को अरुणा के पिता इंद्रसिंह ने उसे फोन किया था, तब अरुणा ने रोते हुए अपना सारा दर्द बयां किया था। उसने पिता को बताया था कि उसका पति और महेश अंकल घर में शराब पीकर उसे बुरी तरह प्रताड़ित कर रहे हैं। इसी मानसिक तनाव और लगातार हो रही बेइज्जती को अरुणा बर्दाश्त नहीं कर सकी और उसी शाम उसने घर में रखा एसिड पी लिया। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाने के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद आरोपी पति उमेश, ससुर पूनमचंद, सास कलाबाई, देवर राहुल और रिश्तेदार महेश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# इंस्टाग्राम पर 'घोस्ट आईडी' बनाकर किशोरी को कर रहा था परेशान

**इंदौर।** सोशल मीडिया के दुरुपयोग और साइबर स्टॉकिंग का एक गंभीर मामला हीरानगर थाना क्षेत्र में सामने आया है। एक अज्ञात सिरफिरा पिछले दो महीनों से एक 17 वर्षीय किशोरी और उसके परिवार को अलग-अलग इंस्टाग्राम आईडी बनाकर प्रताड़ित कर रहा है। लगातार मिल रही धमकियों और अभद्र संदेशों से तंग आकर नाबालिग पीड़िता डिप्रेशन में चली गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हीरानगर पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़िता ने बताया कि पिछले दो महीनों से एक अज्ञात व्यक्ति उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर निशाना बना रहा है। आरोपी इतना शातिर है कि जब भी पीड़िता किसी आईडी को ब्लॉक करती, वह तुरंत एक नई आईडी बनाकर उसे फॉलो करने लगता और अभद्र मैसेज भेजना शुरू कर देता।पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने केवल उसे ही नहीं, बल्कि उसके परिवार के सदस्यों और दोस्तों को भी सोशल मीडिया पर ढूंढ निकाला और उन्हें भी गंदे मैसेज भेजकर परेशान करना शुरू कर दिया। आरोपी की इस हरकत के कारण किशोरी का घर से निकलना और सामान्य जीवन जीना मुश्किल हो गया है। लगातार हो रही इस मानसिक प्रताड़ना के कारण वह गहरे तनाव और डिप्रेशन में है।हीरानगर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब साइबर सेल की मदद से उन फर्जी इंस्टाग्राम आईडी का आईपी एड्रेस और मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर रही है, जिनसे मैसेज भेजे गए थे।

# शहर का ड्रेनेज सिस्टम सुधारने के लिए जरूरी अवैध निर्माण पर रोक और कार्रवाई

**धड़ल्ले से बना रहे आवासीय उपयोग के प्लाट पर अवैध बहु मंजिला भवन**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई मौत के बाद इंदौर नगर निगम ने शहर में 2500 करोड रुपए पानी पर खर्च करने का निर्णय लिया है जिसमें ड्रेनेज और वाटर सप्लाई लाइन को बदलने के साथ ही नई टंकियां के निर्माण एवं नर्मदा जल सप्लाई का कवरेज एरिया बढ़ाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। नगर निगम के अधिकारी उक्त योजना को शहर में धरातल पर उतरने के बाद ड्रेनेज की समस्या खत्म होना मान रहे हैं लेकिन इंदौर में ड्रेनेज की समस्या बगैर अवैध निर्माण पर रोक लगाए हल नहीं हो सकती चाहे कितनी भी बड़ी ड्रेनेज लाइन डाली जाए यदि क्षमता से अधिक भूखंडों पर निर्माण कर बसाहट और आबादी बढ़ाई जाएगी तो सभी लाइनों की क्षमता कम पड़ेगी। जरूरत है अवैध निर्माण को रोकने एवं सख्त कार्रवाई करने की। वर्तमान समय में अवैध निर्माण करने वालों के हौसले बुलंद हैं। नगर निगम सीमा की कई कॉलोनी में आवासी प्लांट पर बहुमंजिला भवनों का निर्माण किया जा रहा है।

### इन क्षेत्रों में सबसे अधिक अवैध निर्माण

नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि एक बार अवैध निर्माण होने के बाद निगम के अधिकारी कार्रवाई करने में असमर्थ साबित होते हैं जिसके पीछे क्षेत्रीय पार्षद और रसूखदारों का दबाव प्रभाव बना रहता है। मामला इंद्रपुरी, महालक्ष्मी नगर, स्कीम नंबर 54, स्कीम 94, शीतल नगर, खजराना, निपानिया, सुखलिया सहित उन क्षेत्रों का है जहां विद्यार्थियों की संख्या अधिक है। भवन अनुज्ञा से अधिक निर्माण बेरोकटोक किए जा रहे हैं जिसको रोकने की जिम्मेदारी भवन अधिकारी एवं भवन निरीक्षक पर है लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक कर यह अवैध निर्माण को दबाने में जुटे हुए।

### ड्रेनेज लाइनों पर हर साल बढ़ रहा आबादी का दबाव

इंदौर में किराया उद्योग जमकर फल फूल रहा है इसीलिए भूखंड स्वामी क्षमता से अधिक और बगैर बिल्डिंग परमिशन के निर्माण को अंजाम दे रहे हैं। इंदौर विकास प्राधिकरण के पूर्व सिटी प्लानर अनिल जोशी बताते हैं कि अर्बन प्लानिंग के तहत शहरों में आबादी बसाहट के लिए कुछ नियम कायदे बनाए गए हैं जिनका पालन नगरी निकायों द्वारा सख्ती से करवाया जाना चाहिए यदि ऐसा नहीं होता है तो ऐसे में संसाधनों की भारी कमी दिखाई देती है। यदि ड्रेनेज लाइनों की बात की जाए तो इस पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। भागीरथपुरा का उदाहरण लिया जाए तो इस क्षेत्र में पिछले 25 सालों में आबादी का दबाव 75% तक बढ़ा है, 7 से 10 फीट की गली में लोगों ने बहु मंजिला इमारतें बना रखी है जिसमें क्षमता से अधिक लोगों को किराएदार के रूप में रखकर बसा दिया गया है। ड्रेनेज लाइनों की एक तय सीमा है इससे अधिक दबाव इन पर होगा तो लाइन सीवर जाम और लीकेज की समस्या आएगी, जिससे पेयजल लाइनों में ड्रेनेज का गंदा पानी मिलाना स्वाभाविक है इसीलिए इंदौर में गंदे पानी की समस्या खत्म करनी है तो भवन निर्माण पर पर निगरानी नगर निगम को बढ़ाने होगी। नए भवनों की बिल्डिंग परमिशन और मौके पर हुए निर्माण को क्रॉस चेक वरिष्ठ अधिकारियों को करना होगा।

### ज़ोन से लेकर निगम तक मॉनिटरिंग फिर भी अवैध निर्माण

पूर्व पार्षद ने बैगर नाम प्रकशित करने की शर्त पर बताया मॉनिटरिंग के लिए नगर निगम में एक पूरा सिस्टम बना हुआ है। जोन क्षेत्र के अंतर्गत जिम्मेदारी भवन अधिकारी और निरीक्षक की तय की गई है इसके अलावा नगर निगम मुख्यालय पर मुख्य भवन अधिकारी की नियुक्ति की इसके ऊपर अपर आयुक्त और निगम आयुक्त है। इतने बड़े अमले के बाद भी शहर में नियम विरुद्ध अवैध निर्माण जारी है।

### अवैध निर्माण में सबसे अधिक जनप्रतिनिधियों हाथ

जिसमें सबसे अधिक भूमिका जनप्रतिनिधियों और पार्षदों की है। अधिकारी केवल इनके आदेश का पालन करते हैं। अधिकांश पार्षद चाहते हैं कि अधिकारी उनके अनुसार नोटिस जारी करें, केवल उन लोगों पर कार्रवाई की जाए इसके लिए पार्षद नाम सुझाए हालांकि कई अधिकारी इस तरह की कार्रवाई करने के बजाय इसे टालना पसंद करते हैं। विकास अधिकारियों का प्रयास रहता है कि सबसे अधिक नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# बर्तन निर्माता एवं विक्रेता ट्रस्ट में मूंगड़ और मित्तल आजीवन ट्रस्टी बने

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री इन्दौर बर्तन निर्माता एवं विक्रेता शैक्षणिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट स्कीम नं. 71 गुमाश्ता नगर के दो आजीवन ट्रस्टी गोपालदासजी मित्तल एवं शांतिलालजी गट्टानी के निधन से आजीवन ट्रस्टी का पद रिक्त हुआ था। चुनाव अधिकारी विजय शादीजा ने स्थायी ट्रस्ट के दो पद और अस्थायी ट्रस्ट के चार पद एवं ट्रस्ट के अधीन श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन संचालक मंडल के छह पद सहित कुल 12 पद सदस्यों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कराई। चुनाव प्रक्रिया में सभी पद निर्विरोध निर्वाचित हुए। इनमें स्थायी ट्रस्टी में राजेश मूंगड़ एवं राजेश मित्तल (लाला) अस्थायी ट्रस्टी में शिवकुमार गर्ग, सुभाष गोयल, सुरेश जाजू,हीरालाल रहेजा। संचालक मंडल सदस्य में सतीश गोयल, मनोहर भूतडा,प्रहलाद वर्मा, प्रीतेश भूतडा, राकेश मेहता, राहुल गुप्ता निर्वाचित हुए। इन सभी नवनिर्वाचित 12 सदस्यों को इन्दौर बर्तन निर्माता विक्रेता संघ के अध्यक्ष जीवन परियानी, उपाध्यक्ष मुरलीधर नवाल, ट्रस्ट सचिव सुरेन्द्र मेहता, कसेरा बाजार स्कूल के सचिव मनोहर खंडेलवाल एवं चुनाव अधिकारी विजय शादीजा ने सभी को बधाइयां दी है।





## 'इंदौर रत्न अलंकरण' सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नाम रोशन करने वाली शहर की विलक्षण प्रतिभाएं 'इंदौर रत्न अलंकरण' सम्मान से 22 मार्च को सम्मानित की जाएंगी। दी ओपन स्टेज टेलेंट शो द्वारा आयोजित यह सम्मान सम्मान समारोह शहर के निजी हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस दिन शास्त्रीय नृत्यांगनाओं द्वारा शास्त्रीय नृत्य की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।राजेश श्रीवास्तव, कान्ति बिल्लौरे, निधि दीक्षित शर्मा, माया शर्मा, वीणा चौबे, डॉ.गीता शर्मा, ममता पटेल, डॉ. वासिफ काज़ी, अर्पणा चेंडके, ओमप्रकाश-चन्दन, डॉ. विकास चौधरी, वीरेंद्रसिंह पाल, सुनीता-राजेश परसाई, विनीता मनीष तिवारी, सुनील वर्मा, रघुवीर कुमार, सर्वमंगला दुबे, सोनम उपाध्याय, मनोरमा शर्मा, रामेश्वर पाल, वंदना मौर्या, मुकेश पारे, कीर्ति मेहता का सम्मान होगा। जितेन्द्र शिवहरे ने उक्त जानकारी दी।

# 11 करोड़ से ज्यादा लागत वाले आईएसबीटी से जल्द हजारों यात्रियों को मिलने वाली है सीधी कनेक्टिविटी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

### *राहत की बातः न्यू आरटीओ रोड़ पर आधी से ज्यादा नई सीमेंटेड सड़क बनकर तैयार*

### *मल्हार स्कूल के सामने से पालदा नाका तक के बड़े हिस्से में तेजी से चल रहा निर्माण कार्य*

11 करोड़ से ज्यादा की लागत वाले आईडीए द्वारा निर्मित आधुनिक आईएसबीटी बस स्टैंड से आने वाले दिनों में बेहद जल्द हजारों यात्रियों को इस नवीन बस स्टैंड से सीधी कनेक्टिविटी मिलने वाली है। जिसको लेकर राहत की बात यह है कि वर्तमान में न्यू आरटीओ रोड से पालदा नाका तक के बड़े हिस्से में आधी से ज्यादा नई सीमेंटेड सड़क बनकर तैयार हो चुकी है। यही नहीं दूसरी तरफ मल्हार स्कूल के सामने से लेकर पालदा नाका हनुमान मंदिर तक के बड़े हिस्से में वर्तमान में खुदाई कर सड़क निर्माण का कार्य भी पिछले दिनों शुरू हो चूका है। जिससे आने वाले दिनों में इस क्षेत्र से गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को बारिश शुरू होने से पहले नई लंबी चौड़ी सड़क तैयार होने से बड़ी राहत मिलने वाली है।

**हर साल बारिश में टू व्हीलर से तो दूर पैदल चलना भी हो जाता है**







**मुश्किल-** खास बात यह है कि न्यू आरटीओ रोड की यह मुख्य सड़क बनने से एक ओर जहां यहां की 20 से ज्यादा बड़ी टाउनशिप के अलावा दो दर्जन से ज्यादा बड़ी कालोनियां के हजारों रहवासी परिवार ने भी राहत की सांस ली है। लोगों का कहना है कि इतने साल इंतजार के बाद अब कहीं जाकर यहां के जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पिछले साल यहां की मुख्य सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया। जिससे इस बार बारिश का सीजन शुरू होने से पहले यहां की पूरी सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। जिससे भविष्य में क्षेत्र के हजारों लोगों के साथ यहां से रात - दिन बायपास की और जाने वाले हजारों वाहन चालकों को भी बड़ी राहत मिलने वाली है। जिसको लेकर वर्तमान में यहां तेजी के साथ सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है।

**पहले आधी-अधूरी गड्ढेदार सड़क से निकलने वाले जाम में फंसकर रेंगते थे रोजाना-** जबकि पहले हालात यह थी कि इस आधी - अधूरी गड्ढेदार सड़क के कारण यहां से निकलने वाले वाहन चालकों को आए दिन भारी जाम के कारण न्यू आरटीओ ऑफिस तक रेंगते हुए जाना पड़ता था। हालांकि यहां का काम पहले से कई गुना तेजी के साथ चल रहा है। गौरतलब है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा पिछले साल टेंडर प्रक्रिया के बाद यहां सड़क निर्माण को लेकर तेजी के साथ काम शुरू कर दिया था, जिससे अब तक बीते दो-तीन माह में बड़े हिस्से में आधी से ज्यादा नई लंबी और चौड़ी सड़क बनकर तैयार हो चुकी है। जिससे यहां से दिन - रात गुजरने वाले सैकड़ों वाहन चालकों को इन दिनों बड़ी राहत मिल रही है। कहा जा रहा है कि अगले दो से तीन माह में जल्द यहां की सड़क निर्माण का कार्य पूरा करने की अफसरों की प्लानिंग है।




# औद्योगिक इकाइयों पर स्पॉट फाइन जारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जोन-17 के अंतर्गत वार्ड-18 स्थित औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर ए में कार्यवाही की गई। नगर निगम की टीम द्वारा बल्क सीएसआई शिवा सिकारवार, बल्क सुपरवाइजर संजय चौहान, ड्रेनेज सुपरवाइजर गगन मालवीय एवं एचएमएस टीम के साथ सांवरियां चिप्स कंपनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कंपनी परिसर में गंदगी पाई गई तथा औद्योगिक अपशिष्ट युक्त गंदा पानी खुले नाले में छोड़ा जाना भी पाया गया, जो पर्यावरण एवं स्वच्छता नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। उक्त गंभीर लापरवाही को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित कंपनी के विरुद्ध 50 हजार का स्पॉट फाइन किया गया। वहीं चार उद्योगों पर 80 हजार रु. स्पाट फाइन हुआ जिसमें बीएम डायर्स पर 25 हजार, इलेक्ट्रो मशीनरी इंजीनियरिंग पर 10 हजार, रायल प्लास्टिक पर 25 हजार रुपये, चिराग इंडिया डिटर्जेंट पर 20 हजार रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया। झोन के नरेन्द्र कुरील, आशीष कापसे, सिद्धांत मेहता मौजूद थे।

## मेट्रो ट्रेन संचालक द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर मेट्रो परियोजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य द्वारा परियोजना कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत प्रगति समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्ध प्रगति तथा प्रस्तावित परिचालन से जुड़े विभिन्न तकनीकी एवं प्रबंधकीय पहलुओं का अवलोकन किया। सभी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं तय समयसीमा में पूर्ण किए जाएँ, ताकि यात्रियों को सुरक्षित, विश्वसनीय एवं आधुनिक मेट्रो सेवा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि इंदौर मेट्रो के आगामी सेक्शनों को शीघ्र ही परिचालन हेतु तैयार किया जा रहा है। प्रगति और कार्य की समीक्षा हुई।





## केंद्रीय जेल में गीता उपदेश महाआयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** क्रेन्द्रीय जेल में संत ज्ञानानंद महाराज पहुंचे तो उनकी अगवानी अधिकारी वरुण कपूर और उनकी धर्मपत्नी ने किया। इस दौरान जेल अधीक्षक अधिकारी संजय पांडे, दिनेश नरगावे, अलका सोनकर भी स्वागत में मौजूद रहे। संत ने उत्पाद प्रदर्शनी का अवलोकन किया। ढोल-नगाडे की थाप पर आदिवासी बंदियों ने भगौरा नृत्य प्रस्तुत किया, महिला बंदियों ने कलशयात्रा निकाली। जेल के इंदर नागर, संतोष लडिया, अभिषेक दांगी एवं समस्त जेल स्टाफ का योगदान रहा।

## सिलाई मशीन व कम्बल वितरण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लायंस क्लब इंदौर डायनामिक द्वारा गुरुतेग बहादुर हास्पिटल नंदानगर पर जरूरतमंद लोगों को सिलाई मशीन व कम्बल वितरण किया गया। डॉ. एसएस उबेजा, कुंदन सोनी, डॉ. पीयुष गांधी, सतपालसिंह खालसा, मुकेश वर्मा, प्रितपाल कौर उवेजा, दलजीतसिंह सोडी, रवि राका, एस.के. खंडेलवाल, प्रदीप देशपांडे मौजूद थे।

## भागवत के पहले शोभायात्रा निकाली



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पाराशर-राजेन्द्र नगर में भागवत कथा के पूर्व शोभायात्रा निकाली गई। युवराज यतींद्राचार्य महाराज के श्रीमुख से क्रथा का रसपान शुरू हुआ। मनोहर सोनी, दिनेश अग्रवाल एवं हरिकिशन साबू भोपू ने बताया कि शोभायात्रा राजेंद्र नगर हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई जो कथा स्थल श्याम धाम तक पहुंची। सैकड़ो की संख्या में महिलाएं कलश लेकर चली। व्यासपीठ का पूजन भी किया गया। लाठी परिवार की भूमिका कथा में रही। आयोजन में भगवानदास हेडा, अनुराग तिवारी, ज्योति नागोरी, सरला हेड़ा मौजूद थे।

## संत सदन की प्रथम मंजिल की छत को लेकर पूजन, जैन समाजजन रहे मौजूद



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, संगमनगर द्वारा निर्माणाधीन प्रथम मंजिल छत का पूजन आयोजन जैन समाजजनों की मौजूदगी में किया गया। संजय पाटोदी, अजय जैन, राकेश सेठी, मनोज जैन, राजेश गंगवाल, सतीश जैन, सुरेन्द्र जैन, सुनील जैन सहित अन्य मौजूद थे।



# फिल्मकार का पुतला ब्राह्मण समाजजनों ने जलाया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** परशुराम सेना के अनूप शुक्ला ने बताया कि फिल्मकार ने घूसखोर पंडित नाम का टीजर जारी किया, जिससे ब्राह्मण समाज को बदनाम करने की कोशिश की गई। आक्रोशित ब्राह्मण समाजजनों ने परशुराम सेना के बैनर तले कल शाम मालवा मिल चौराहा पर टीजर जारी करने वाले फिल्मकार का पुतला उलटा मुंह कर जलाया गया। अनूप शुक्ला, प्रकाश शर्मा, गौतम तिवारी, सुदेश पांडे, विजेंद्र दीक्षित, सुरेश शर्मा, दीपक शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, अशोक चतुर्वेदी, बाबूलाल, सचिन मिश्रा, बंसीलाल पुरोहित, सुरेश शर्मा, श्याम शर्मा, सुनील शर्मा, मनीष शर्मा, नमन दुबे, अमित शुक्ला, विनीत पांडे, हरिओम शर्मा, मनीष शुक्ला, चंकी बाजपेई, रवि ओझा, योगेश शर्मा, रेनू शर्मा मौजूद थे।

## खजराना मंदिर में कल सुंदरकांड पाठ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खजराना मंदिर में कल 8 फरवरी की शाम 7 बजे से प्रवचन हॉल में सुन्दरकांड का पाठ होगा। आयोजन से पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन, मध्यप्रदेश प्रदेश जिम ऑनर एसोसिएशन, श्री राम स्पोर्ट्स ग्रुप, खजराना लड्डू व्यापारी एसोसिएशन व शालीग्राम व्यामशाला जुड़े हुए हैं। रामेश्वर चौहान, हरिहरसिंह चौहान ने उक्त जानकारी दी।

## मीडिया कर्मियों के लिए संगीत संध्या होगी, नाम देंगे उनकी रिहर्सल भी होगी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर प्रेस क्लब द्वारा माथुर सभागृह 1 मार्च की शाम 6 बजे से मीडिया कर्मियों के लिए संगीत संध्या का आयोजन होगा। इस संगीत संध्या में जो मीडियाकर्मी शामिल होना चाहते हैं वे अपने नाम महासचिव प्रदीप जोशी, प्रमोद दीक्षित को दे सकते हैं, जो इस संगीत संध्या में शामिल होंगे उनकी रिहर्सल कराई जाएगी। उसी आधार पर संगीत संध्या में प्रस्तुति के नाम शामिल किए जाएंगे।

## गुनिजान संगीत समारोह का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पंचम निषाद संगीत संस्थान द्वारा 24वाँ 'गुनिजान संगीत समारोह का आयोजन आज शाम 6 बजे से जाल सभागृह में होगा। दो दिनों तक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति इन गुनिजान संगीत समारोह में दी जाएगी। आज शाम शुभारंभ अण्णा महाराज, यति विनय सागर, पार्षद प्रशांत बड़वे की मौजूदगी में होगा। शास्त्रीय गायन की जुगलबंदी में विदुषी सुधा रघुरमन एवं विदुषी शोभा चौधरी अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति देंगी। इस जुगलबंदी में बांसुरी पर जी. रघुरमन, मृदंगम पर पार्थसारथी सुरेश, हारमोनियम पर रवि किल्लेदार एवं तबले पर संगीता अग्निहोत्री संगत करेंगे। इसी दिन शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति पं. रघुनंदन पाणशीकर द्वारा भी दी जाएगी, जिनके साथ हारमोनियम पर अभिनव रवंदे एवं तबले पर अजिंक्य जोशी संगत करेंगे। 8 फरवरी को शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति विदुषी भारती सिंह राजपूत द्वारा दी जाएगी। उनके साथ हारमोनियम पर दीपक खसरावल एवं तबले पर हितेन्द्र दीक्षित संगत करेंगे। इसके पश्चात पं. संजीव अभ्यंकर का शास्त्रीय गायन होगा, जिसमें हारमोनियम पर अभिनव रवांदे तथा तबले पर अजिंक्य जोशी संगत करेंगे।

## आज शाम यात्रा में लगेंगे खाटूश्याम बाबा के जयकारे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज शाम 6.30 बजे अग्रवाल नगर पानी की टंकी से श्याम मंदिर विद्यानन्द आश्रम तक श्री खाटूश्याम सतरंगी फाग यात्रा निकाली जाएगी। बाबा के जयकारों से यह यात्रा शुरू होगी और रास्ते भर जयकारे लगेंगे। कीर्तन भी होंगे। बजरंगलाल मित्तल, दिनेश मित्तल, प्रहलाद अग्रवाल दादा, संतोष अग्रवाल, महेश मित्तल सहित अन्य मौजूद रहेंगे। रास्ते में जगह-जगह स्वागत होंगे।



## श्रीमती चन्द्रकला घेंघट का निधन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ कमल घेंघट की काकी एवं बालकृष्ण घेंघट की धर्मपत्नी श्रीमती चन्द्रकला देवी घेंघट का आज निधन हो गया। वे अपने पीछे 3 पुत्र एवं भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनकी शवयात्रा राजमोहल्ला हरिजन कालोनी से निकलकर पंचकुइया मुक्तिधाम पहुंची। जहां वाल्मीकि समाजजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# जैन समाजजनों ने सुनी बजट पर परिचर्चा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अ भा जैन श्वेतांबर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन द्वारा नए बजट पर परिचर्चा कार्यक्रम में देश की आर्थिक नीतियों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। बडी संख्या में जैन समाजजनों ने बजट पर आधारित परिचर्चा सुनी। इस दौरान देश की आर्थिक स्थिति, चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की वही अपने विचारों को साझा करने और एक दूसरे



से सीखने का अवसर भी प्राप्त किया। बजट परिचर्चा कार्यक्रम में बजट के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई, जैसे कि आर्थिक विकास, कर नीति, शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक कल्याण। इन विषयों पर अपने विचारों को साझा किया और एक दूसरे के साथ चर्चा की।



## मंदिर के लिए बनवाया बड़ा साफा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शिव मंदिर एमआर-10 के पास बना हुआ है। 11 फीट की मूर्ति की स्थापना की गई है। उज्जैन के भगवान महाकालेश्वर मंदिर पर वर्षों से भस्मा आरती के लिए भस्मी राख लाने वाले बम बम बाबा द्वारा मंदिर बनवाया गया है। यह साफा 8 फीट का बनवाया गया है। विजेंद्रसिंह चौहान, महेश जोशी, शंकर नैनावा ने विधिवत पूजा अर्चना कर साफा मंदिर पहुंचाया।

## एक्सपोज़र विजिट का आयोजन होगा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्यप्रदेश की एमएसएमई एवं स्टार्टअप इकाइयों को नवीन तकनीक, औद्योगिक प्रवृत्तियों एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से भारत सरकार की आरएएमपी योजना के अन्तर्गत एक्सपोज़र विजिट का आयोजन 8 से 10 फरवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होगा। इस आयोजन के लिए 8 फरवरी को सुबह 10 बजे इंदौर विमानतल से उद्योग प्रतिनिधियों का दल दिल्ली के लिये प्रस्थान करेगा।म.प्र. लघु उद्योग निगम इस आयोजन में सहयोग कर रहा है।

## आज शाम सर्वधर्म श्रद्धांजलि सभा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अली कादरी की याद में आज शाम 5 बजे सर्वधर्म श्रद्धांजलि सभा का आयोजन गांधी प्रतिमा रीगल तिराहा पर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सूफी गायक आफताब कादरी के बेटे अली की हत्या कर दी गई थी। आज श्रद्धांजलि सभा के बाद कातिलों के लिए फांसी की मांग और फास्ट ट्रैक में केस चलाने की मांग की जाएगी और दो मिनट का मौन भी रखकर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## गुरु हरराय साहेब का प्रकाश पर्व आज और कल

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। गुरु हरराय का प्रकाश पर्व न्यू रानीबाग में आज और कल मनाया जाएगा। रागी सिमरन जीत सिंघ, कथाकार ज्ञानी योगिंदर सिंघ पारस और ज्ञानी हरी सिंघ द्वारा कीर्तन और गुरु इतिहास प्रस्तुत किया जाएगा। दीवान भी सजाया जाएगा। लंगर भी वितरित होगा। कवलजीत सिंह, लक्की छाबड़ा, सचिव जसबीर अरोरा, रतनजीत सिंघ शेरी ने उक्त जानकारी दी।

# विद्यालय में 'ब्रेन जिम' सत्र का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बच्चों के मानसिक विकास और सीखने की क्षमता को बढ़ाने के उद्देश से क्रिएट स्टोरीज एनजीओ द्वारा ग्राम सनावदिया के शासकीय विद्यालय में विशेष 'ब्रेन जिम' सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में चाइल्ड एवं क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. विनी झारिया ने बच्चों के साथ संवाद किया और उन्हें दिमागी कसरत के गुर सिखाए। 'ब्रेन जिम' एक गतिविधि-आधारित तकनीक है जो तंत्रिका तंत्र (न्यूरोलॉजिकल), संवेदी और मोटर सिस्टम को आपस में जोड़ती



है। इससे बच्चों में एकाग्रता बढ़ती है और वे तनाव मुक्त होकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं। 'जब शरीर संतुलित और शांत होता है, तो मस्तिष्क बेहतर तरीके से सीखता है।' सत्र के दौरान बच्चों को खेल-खेल में कई महत्वपूर्ण अभ्यास कराए गए।



# राज्यस्तरीय मेडिकल कॉन्फ्रेंस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आईएमए, एमएसएन एमपी का राज्यस्तरीय मेडिकल कॉन्फ्रेंस क़ा आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मेडिकल स्टूडेंट्स नेटवर्क मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित किया गया। मेडिकल कालेज से देश और प्रदेश से सैकडों विद्यार्थियों की सहभागिता रही। डॉ. प्रिंस जैन ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक सम्मेलन मेडिकल छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि आईएमएसएसीओएन का उद्देश्य छात्रों को केवल थ्योरी तक सीमित न रखते हुए उन्हें क्लिनिकल एक्सपोज़र, प्रैक्टिकल स्किल्स और प्रोफेशनल एप्रोच से जोड़ना है, ताकि वे भविष्य में एक कुशल, संवेदनशील और जिम्मेदार चिकित्सक बन सकें। अतिथि डॉ. सुमेर सेठी ने सम्बोधित किया। विभिन्न हैंड्स-ऑन एवं स्किल-बेस्ड वर्कशॉप्स का आयोजन किया गया। डॉ. सोनाली मित्तल द्वारा गोट आई डिसेक्शन एवं मोतियाबिंद सर्जरी पर विशेष वर्कशॉप, डॉ. राहुल तनवानी द्वारा कैथेटराइजेशन की व्यावहारिक ट्रेनिंग, डॉ. स्नेहलता दुबे द्वारा लैप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी पर उन्नत सत्र, डॉ. बी.के. दांग द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट की महत्वपूर्ण वर्कशॉप इन सत्रों ने छात्रों को वास्तविक क्लिनिकल परिस्थितियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मेलन के दौरान 200 से अधिक मेधावी एवं टॉप-परफॉर्मिंग मेडिकल छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों, उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं निरंतर परिश्रम के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. प्रिंस जैन, आर्यन शिवहरे, डॉ. बालकृष्ण डांग की भूमिका प्रमुख रही।

## सम्मेदशिखर पर निर्वाण लाडू चढ़ाया

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। छठवें तीर्थंकर श्री पद्मप्रभ भगवान के मोक्ष स्थल



सम्मेदशिखर पर निर्वाण लाडू इन्दौर के मनमोहन झांझरी एवं डॉली झांझरी ने चढ़ाए।

## सामूहिक विवाह बैठक

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा आगामी 20 अप्रैल, आखातीज पर सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन श्री हाटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर गोयल एवेन्यू निपानिया में किया जाना है। आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। सभी को आयोजन की विशेष जानकारी दी गई। आर.के. शुक्ला, डॉ. मनीष मेहता, देवेन्द्र साहू मौजूद थे।

## तीन दिनी गीता सत्संग का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद ने मौर्या हिल्स सभागृह में गीता सत्संग अनुष्ठान आयोजन में सम्बोधन दिया। समाजसेवी विनोद अग्रवाल, दिनेश मित्तल, टीकमचंद गर्ग, कुलभूषण मित्तल कुक्की, विमल तोडी, राजेश बंसल, वीरेन्द्र गुप्ता, मनोरंजन मिश्रा, डॉ. निशा जोशी, जयश्री अग्रवाल,पुरुषोत्तम अग्रवाल, अचल चौधरी, योगेन्द्र जैन, अशोक भट्ट मौजूद थे।





# एनजीओ सेवा सप्ताह के पोस्टर का विमोचन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्यप्रदेश एनजीओ महासंघ 24 फरवरी से 7 मार्च तक एनजीओ सेवा सप्ताह मनाएंगा जिसे लेकर प्रकाशित पोस्टर का विमोचन इंदौर प्रेस क्लब में हुआ। 24 फरवरी को स्वास्थ्य शिविर, 25 फरवरी को रोजगार मेला, 27 फरवरी को राजवाड़ा पर 5100 दीपक जलाकर विश्व एनजीओ दिवस मनाया जाएगा, 28 फरवरी को फाग उत्सव रणजीत हनुमान मंदिर के ग्राउंड में मनाएंगे, जिसमें 500 से अधिक ब्लाइंड बच्चे हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे यह वर्ल्ड रिकार्ड अटेम्पट होगा। 1मार्च




को यूनाइटेड मध्य प्रदेश मैराथन रहेगी, 2 मार्च को ट्रैफिक अवेयरनेस प्रोग्राम में कार-टैक्सी रैली निकाली जाएगी और 7 मार्च को एनजीओ सम्मान समारोह के साथ सेवा सप्ताह का समापन ग्रामीण हाट बाजार ढक्कन वाला कुआ पर होगा। अशोक यादव, सलीम शेख, राहुल जैन, शालिनी, श्रेयांश जैन, रविंद्र जाधव, अक्षय मेश्राम, विकास पवार, विजेंद्र ठाकुर, विनयराज सोलर, विष्णु, आशीष गुप्ता, विराज, अंश जैन, अमन कुमार, प्रभात अग्रवाल, दशरथ राठौड़, राणा राठौड़, देव प्रजापति, चेतन मोहनवानी मौजूद थे।

## पूर्व छात्रों ने की एलुमनाई मीट

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सेंट अर्नाल्ड्स स्कूल में ग्रैंड एलुमनाई मीटअप में 2004 से लेकर 2026 तक के विभिन्न सत्रों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था पूर्व प्राचार्य फादर कैजेटन डी मेलो थे। अपने पढ़ाए हुए छात्रों को वर्षों बाद एक मंच पर एकत्रित देख वे भाव-विभोर हो उठे। समारोह में संस्था के भूतपूर्व शिक्षकों की उपस्थिति ने वातावरण को और अधिक स्मरणीय बना दिया। प्राचार्य फादर पायस सिरियाक, फादर कैजेटन डी मेलो, विनोद नायर, चंद्रकांत पटेल मौजूद थे।



# कलेक्टर मिश्रा और एसपी अवस्थी ने पेश की भोजशाला मामले में प्रशासनिक कुशलता की मिशाल

## कलेक्टर और एसपी की जुगलबंदी ने भोजशाला मे अखण्ड पूजा और परिसर मे नमाज अदा करवाकर निभाया अपना कर्तव्य धार

**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर )।** धार की ऐतिहासिक भोजशाला में बसंत पंचमी 23 जनवरी 2026 के अवसर पर पूजा और नमाज के सफल आयोजन ने वास्तव में प्रशासनिक कुशलता की एक नई मिसाल पेश की है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और एसपी मयंक अवस्थी की इस जोड़ी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का शब्दशः पालन करते हुए शहर में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखा। इस 'मिश्रा -अवस्थी' जोड़ी की सूझबूझ से न केवल बसंत पंचमी का पर्व निर्विघ्न संपन्न हुआ, बल्कि आगे के लिए भी प्रशासन ने एक ठोस ब्लूप्रिंट तैयार किया है। मिश्र और अवस्थी की जोड़ी ने भोजशाला जैसे संवेदनशील मुद्दे को जिस प्रोफेशनल और शांतिपूर्ण तरीके से निपटाया, उसने साबित कर दिया कि ठोस योजना और आपसी भरोसे से किसी भी चुनौती को जीता जा सकता है। इस जोड़ी की सफलता का असर अब धार के भविष्य और प्रशासनिक कार्यशैली पर स्पष्ट दिख रहा है। मिश्र और अवस्थी द्वारा लागू किया गया 'कम्युनिटी पुलिसिंग और डिजिटल मॉनिटरिंग' मॉडल अब प्रदेश के अन्य संवेदनशील जिलों के लिए एक केस स्टडी बन गया है। मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग के अनुसार, इस सफल प्रबंधन के बाद अब जिला प्रशासन का पूरा ध्यान 'विरासत और विकास' के संतुलन पर है। मिश्र और अवस्थी की यह जोड़ी आज पूरे मध्य प्रदेश में 'टीम वर्क और क्राइसिस मैनेजमेंट' की मिसाल बन गई है। जहाँ संवेदनशील मामलों में अक्सर तनाव की स्थिति बनती है, वहाँ इन दोनों अधिकारियों ने अपनी जुगलबंदी से 'धार मॉडल' पेश किया है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जहाँ प्रशासनिक और कानूनी बारीकियों को संभाला, वहीं एसपी मयंक अवस्थी





ने ज़मीन पर पुलिस बल का नेतृत्व कर सुरक्षा का अभेद्य घेरा तैयार किया। दोनों को अक्सर एक साथ संवेदनशील इलाकों का दौरा करते देखा गया, जिससे जनता में विश्वास बढ़ा। इस जोड़ी ने केवल आदेश नहीं दिए, बल्कि शांति समिति की बैठकों में खुद मौजूद रहकर दोनों पक्षों की बात सुनी। जिला प्रशासन धार के आधिकारिक पोर्टल और सोशल मीडिया पर निरंतर अपडेट देकर अफवाहों को खत्म किया। इन्होंने पुरानी परंपराओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ा, एआई कैमरों के जरिए चेहरे की पहचान और ड्रोन सर्विलांस ने शरारती तत्वों के मन में डर पैदा किया, जिससे व्यवस्था बनाए रखना आसान हो गया। मुख्यमंत्री और शासन स्तर पर भी इस जोड़ी की तारीफ हुई है क्योंकि इन्होंने बिना किसी बल प्रयोग के एक बेहद जटिल धार्मिक और सामाजिक मुद्दे को सुलझा लिया।

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कानून की ऐसी व्याख्या पेश की किसी को शिकायत का मौका नहीं मिला, वहीं एसपी मयंक अवस्थी ने सुरक्षा में 'ज़ीरो एरर' की नीति अपनाई, साथ ही हिन्दू संगठन और भोज उत्सव समिति और मुस्लिम समुदाय के साथ उक्त दोनों अधिकारियों का तालमेल शानदार रहा। अक्सर दो बड़े अधिकारियों के बीच तालमेल की कमी दिखती है, लेकिन यहाँ आईएएस और आईपीएस के बीच ऐसी ट्यूनिंग दिखी कि पुलिस और प्रशासन एक ही इकाई की तरह काम कर रहे थे। दोनों अधिकारियों ने एयर-कंडीशन ऑफिस के बजाय धूप और धूल के बीच मैदान में रहकर लोगों से सीधा संवाद किया, जिससे धार के नागरिकों ने भी प्रशासन का पूरा सहयोग किया। इस शांतिपूर्ण समाधान ने धार की छवि को 'विवादित शहर' से बदलकर 'शांतिप्रिय ऐतिहासिक नगरी' के रूप में मजबूती दी है।

# फलों के शौकीन लोगों के लिए खुशखबर : गर्मी से पहले बाज़ार में नए ग्रीन और ब्लैक अंगूर की होने लगी आवक

**हालांकि अभी शुरुआती कमजोर आवक से दाम है ज्यादा, हरे अंगूर 200 से 250 रु. किलो काले अंगूर 300 से 350 रुपए किलो के भाव**

**इंदौर।** इस बार गर्मी का सीजन आने से पहले ठंड के मौसम में ही इस बार अंगूर की आवक समय से पहले शुरू हो गई है। हालांकि अभी शुरुआती कमजोर आवक से अंगूर के दाम अभी आमजन के लिए ज्यादा फायदेमंद न होकर बेहद ज्यादा है। लेकिन फलों के शौकीन लोगों के लिए जरूर यह खबर काम की है उन्हें इस बार समय से पहले अच्छी क्वालिटी के लंबे वाले ग्रीन और ब्लैक अंगूर खाने को मिलने लगें है। हालांकि दाम आम आदमी के लिए ज्यादा होने से उनके लिए अंगूर अभी खट्टे हो सकते है। जिसका कारण अभी चोइथराम फल मंडी में महाराष्ट्र के नासिक लाइन से अंगूर की वर्तमान में रोजाना बमुश्किल चार से पांच गाड़ी आवक ही हो रही है। जिससे अभी अंगूर के दाम 200 से 250 रुपए किलो के आसपास भाव बताए जा रहे है। जबकि काले अंगूर और ज्यादा ऊंचे भाव यानी 320 से 380 रुपए किलो के आसपास बताए जा रहे हैं।

**अभी मंडी में चुनिंदा 3 से 4 गाड़ी की हो रही आवक-** हालांकि शहर में फलों के शौकीन लोग तो अपने पसंदीदा अंगूर के आने का बेसब्री से इंतजार करते है, और ऐसे में बाजार में अंगूर की भले ही समय से पहले वर्तमान में आवक कम होने दाम ज्यादा हो लेकिन खाने वाले खास लोग अपने पसंदीदा फल को खरीदने के लिए भाव नहीं देखते। इधर मुसाखेड़ी-मयूर नगर थोक एवं खेरची मंडी से जुड़े व्यापारी सोमनाथ सिंह, लल्लन प्रजापति बताते हैं कि वर्तमान में चोइथराम मंडी में महाराष्ट्र के नासिक लाइन से लंबे साइज के ग्रीन अंगूर की बेहद कम मुश्किल से अभी 3 से 4 छोटी गाड़ी की आवक हो रही है। इसलिए अभी भाव भी ज्यादा है।

अंगूर के अलावा मंडी में तरबूज की भी कुछ गाड़ियों की आवक हो रही है। यही नहीं अंगूर के साथ बाजार में फलों के राजा आम की भी रोजाना एक से दो गाड़ियों की आवक हो रही है। जिससे अभी इनके भाव ज्यादा है। जो फिलहाल आम आदमी की पहुंच से थोड़े दूर है। हालांकि आने वाले दिनों में आवक बढ़ने के बाद भाव कम होने की उम्मीद व्यापारियों द्वारा की जा रही है।

# पूर्वी रिंग रोड पर मेट्रो के काम ने अब पकड़ी रफ्तार

## रोबोट चौराहे से खजराना तक के हिस्से को जगमगाने के लिए 40 से ज्यादा एलईडी की जगमगाहट

**इंदौर।** पूर्वी रिंगरोड पर रोबोट चौराहे से खजराना तक के बड़े हिस्से में मेट्रो के काम ने जबरदस्त रफ्तार पकड़ ली है। जिसके तहत वर्तमान में यहां पहले से कई गुना ज्यादा तेजी के साथ काम चल रहा है। करीब 10 से 15 पिलर बनकर तैयार हो रहे है। जिसमें से आधे से ज्यादा बनकर तैयार भी हो चुके है। साथ ही इस हिस्से में रोशनी के लिए 40 से ज्यादा नए इलेक्ट्रिक पोल पर आकर्षक तेज रोशनी वाली बड़ी एलईडी लाइटिंग भी लगाई गई है। इसके अलावा बड़ी बात यह है कि दिन से ज्यादा



यहां रात में और ज्यादा तेजी के साथ काम चल रहा है ताकि आने वाले दिनों में जल्द रिंग रोड के बड़े हिस्से में भी रोबोट चौराहे से खजराना तक के बड़े हिस्से में मेट्रो के काम को गति देने की प्लानिंग के तहत यहां दिन-रात तेजी के साथ काम किया जा रहा है। गौरतलब है कि वर्तमान में गांधीनगर से सुपर कॉरिडोर तक के बड़े हिस्से में लंबे समय से मेट्रो का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा इसके आगे विजय नगर और रेडिसन चौराहा तक के बड़े हिस्से में भी ट्रायल रन किया जा चुका है। वहीं अब इसके आगे के हिस्से में स्टेशन निर्माण सहित अन्य काम को गति देने की तैयारी भी तेजी के साथ चल रही है। इसके बाद जल्द आने वाले दिनों में आम लोगों के लिए प्रायोरिटी के साथ इस लंबे रूट तक मेट्रो का संचालन शुरू करने की तैयारी भी चल रही है। जिसको लेकर वर्तमान में यहां दिन-रात तेजी के साथ काम हो रहा है। राहत की बात यह है कि रिंग रोड पर बड़े हिस्से में अब रात में भी तेजी के साथ काम हो रहा है। जिसके लिए बाधाएं दूर करते हुए जहां रोशनी की कमी होने से मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा यहां रोबोट चौराहे से खजराना चौराहे तक के बड़े हिस्से में करीब 40 से ज्यादा नए पोल लगाकर इन पर आकर्षक तेज रोशनी वाली एलइडी लाइटिंग लगाई गई है जिससे अब रात में भी मेट्रो का काम पहले से और ज्यादा दुगनी तेजी के साथ चल रहा है।

# एमवाय टेंपो स्टैंड से श्रद्धानंद मार्ग तक 80 फीसदी सीमेंटेड सड़क हो गई तैयार

**अब पॉश कालोनी जावरा कंपाउंड की आई बारी आईसीसी बैंक के पास बड़े हिस्से में खुदाई कर अब शुरू होगा सड़क चौड़ीकरण कार्य**

**इंदौर।** विधानसभा 3 के छावनी क्षेत्र में एमवाय टेंपो स्टैंड के सामने से लेकर श्रधानंद मार्ग तक तक के बड़े हिस्से में 80 फ़ीसदी से ज्यादा नई सीमेंटेड सड़क बनकर तैयार हो गई है। वही अब क्षेत्र की सबसे वीआईपी और पॉश कॉलोनी जावरा कंपाउंड क्षेत्र की बारी भी आ गई है। राहत की बात यह है कि अब यहां जावरा कंपाउंड क्षेत्र में आईसीआई बैंक के पास के बड़े हिस्से में खुदाई कर सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। गौरतलब है कि पहले बीजेपी कार्यालय के सामने वाली सड़क से लेकर जगदाले स्कूल वाली गली को जावरा कंपाउंड मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क का काम भी पहले चरण में पूरा हो चुका है। जबकि वर्तमान में कई जगह बचे हिस्से में काम तेजी के साथ चल रहा है।

इसके अलावा अन्य शेष बची गलियों में भी वर्तमान में सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य तेजी के साथ चल रहा है। वहीं दूसरी ओर अब निगम ने जावरा कंपाउंड क्षेत्र की कई मल्टियों और टाउनशिप से जुड़ी सड़क को जावरा कंपाउंड चौराहे से एमवाय हॉस्पिटल के सामने हनुमान मंदिर को जोडने वाले मार्ग तक सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य भी शुरू कर दिया है। जिससे आने वाले दिनों में इस पूरे क्षेत्र में लाखों रुपए की लागत से सभी गलियों की सड़कें बनकर तैयार हो जाएगी। जिसको लेकर वर्तमान में यहां तेजी के साथ काम चल रहा है। यही नहीं इससे इस क्षेत्र के हजारों परिवारों को आने वाले दिनों बेहद जल्द बड़ी राहत मिलने वाली है।

## संपादकीय

# चुनाव से पहले सौगातें, बाद में सवाल, मुफ्त उपहारों की राजनीति पर रोक की सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद

सवाल है कि अगर कोई मतदाता मुफ्त की सौगात दिए जाने के असर में किसी उम्मीदवार को वोट देता है, तो क्या यह एक तरह की सौदेबाजी नहीं कही जाएगी? देश में चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक दलों की ओर से मतदाताओं को रिझाने के लिए जिस तरह मुफ्त तोहफों या उपहारों की राजनीति की जा रही है, उसने एक तरह से नतीजों की शुचिता को कसौटी पर रख दिया है। भारतीय राजनीति में पिछले कई वर्षों से यह प्रवृत्ति जटिल होती गई है। हालांकि इस मसले पर सवाल भी उठे हैं और मुफ्त तोहफों के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने को लोकतंत्र के लिए एक घातक चलन बताया गया है। विडंबना यह है कि लगभग सभी राजनीतिक दल इस प्रवृत्ति पर सवाल उठाते हैं, लेकिन मौका मिलने पर वे भी इसी तरीके को एक औजार की तरह इस्तेमाल करते हैं। खासतौर पर जो दल या गठबंधन सत्ता में होते हैं, वे वादों या घोषणाओं के साथ-साथ चुनावों के ठीक पहले कोई योजना या कार्यक्रम लागू करने के जरिए भी मतदाताओं को लाभ पहुंचाने की कोशिश करते हैं। समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट ने भी मुफ्त उपहारों को भारतीय राजनीति में एक घातक प्रवृत्ति बताया है, लेकिन इस पर रोक को लेकर अब तक कोई ठोस नियमन सामने नहीं आ सका है। यही वजह है कि आज राजनीतिक दलों के बीच एक तरह की होड़ देखी जाती है कि वोट हासिल करने के लिए मतदाओं को कौन कितना ज्यादा लाभ पहुंचाने की घोषणा करता है। नतीजतन, स्वच्छ चुनाव और विवादरहित नतीजे आज एक सदिच्छा की तरह लगने लगे हैं। राजनीतिक दलों से यह उम्मीद करना मुश्किल हो गया लगता है कि इस दिशा में वे अपनी ओर से कोई ऐसी पहल करेंगे, जो चुनावी जीत के लिए मुफ्त की रेवड़ियों के चलन पर रोक लगाएं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस मसले पर दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दी है, तो इससे एक बार फिर मुफ्त की चुनावी रेवड़ियों पर लगाम लगने की उम्मीद जगी है। गौरतलब है कि करीब चार साल पहले सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने केंद्र और निर्वाचन आयोग से उस याचिका पर जवाब मांगा था, जिसमें चुनाव से पहले 'अतार्किक मुफ्त उपहार की घोषणा' या इसे वितरित करने वाली राजनीतिक पार्टी का चुनाव चिह्न जब्त या उसका पंजीकरण रद्द करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। उस समय पीठ ने इसे गंभीर मुद्दा करार दिया था और कहा था कि कभी-कभी मुफ्त उपहार योजना का बजट नियमित बजट से अधिक हो जाता है। सवाल है कि अगर कोई मतदाता मुफ्त की सौगात दिए जाने के असर में किसी उम्मीदवार को वोट देता है, तो क्या यह एक तरह की सौदेबाजी नहीं कही जाएगी? अगर कोई सत्ताधारी पार्टी चुनावों के ठीक पहले किसी योजना या कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को आर्थिक लाभ पहुंचाती है, तो उसकी जीत को कितना निष्पक्ष माना जाएगा? दिनोंदिन बढ़ती मुफ्त उपहारों की राजनीति के बीच होने वाले चुनाव को किस हद तक स्वच्छ और स्वतंत्र कहा जाएगा? अफसोस की बात यह है कि लंबे समय से इस पर सवाल उठने के बावजूद अब तक इस दिशा में ऐसा कानून जमीन पर नहीं दिखता है, जो राजनीतिक दलों को मतदाताओं के सामने मुफ्त उपहारों का लोभ परोसने और इसके जरिए उनका वोट हासिल करने की कोशिश करने से रोक सके। यह स्पष्ट होना चाहिए कि 'अतार्किक मुफ्त उपहार' के चुनावी वादे मतदाताओं को गलत तरीके से प्रभावित करने की कोशिश हैं और इससे न केवल राजनीतिक दलों के बीच स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा बुरी तरह प्रभावित होती है, बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता भी दूषित होती है।

# किसान के खेत में रातोंरात डाली पाइप लाइन, ठेकेदार पर लगे आरोप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मिली जानकारी के मुताबिक देपालपुर तहसील में तकनीकी नियमों, विधिक प्रक्रियाओं और प्रशासनिक मानकों को ताक पर रखकर निजी भूमि पर अवैध पाइपलाइन बिछाने का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम चटवाड़ा, तहसील देपालपुर किसान दशरथ प्रजापत पिता तुलसीराम प्रजापत ने सड़क निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार सुरेश कुमार माली के विरुद्ध मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 32 के अंतर्गत तहसीलदार धर्मेंद्र चौकसे को विधिवत शिकायत आवेदन प्रस्तुत करते हुए आरोप लगाया है कि ग्राम चटवाड़ा से नेवरी रोड निर्माण परियोजना के दौरान दिनांक 01 फरवरी 2026 की रात्रि को बिना किसी शासकीय आदेश, बिना प्रशासनिक स्वीकृति, बिना तकनीकी अनुमति, बिना भूमि सीमांकन, बिना अधिग्रहण प्रक्रिया, बिना पूर्व सूचना तथा बिना भूमि स्वामी की सहमति के उसकी निजी कृषि भूमि में जबरन पानी की पाइपलाइन डाल दी गई। शिकायत के अनुसार दशरथ प्रजापत की स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 257/2/2, रकबा 0.380 हेक्टेयर, ग्राम चटवाड़ा, तहसील देपालपुर में स्थित है, जिस पर वह विधिपूर्वक काबिज होकर वर्षों से कृषि कार्य करता आ रहा है, किंतु ठेकेदार द्वारा की गई इस अवैध कार्रवाई से उसकी लगभग 5 से 7 बिसवा भूमि नाले में समाहित होने की स्थिति बन गई है, जिससे खेत में जलभराव, भूमि की उर्वरता समाप्त होने, फसल सड़ने तथा दीर्घकालिक कृषि क्षति की गंभीर आशंका उत्पन्न हो गई है। तकनीकी दृष्टि से यह कार्य पूर्णतः नियमविरुद्ध माना जा रहा है, क्योंकि किसी भी सड़क निर्माण परियोजना में भूमि सीमांकन, राजस्व अभिलेखों का सत्यापन, तकनीकी स्वीकृति, प्रशासनिक अनुमोदन, ड्रॉइंग अप्रूवल, साइट सुपरविजन और प्रभावित भूमि स्वामियों को विधिवत नोटिस जैसी प्रक्रियाएं अनिवार्य होती हैं, जिन्हें पूरी तरह दरकिनार करते हुए रातों-रात निजी भूमि में पाइपलाइन डालना न केवल तकनीकी अपराध की श्रेणी में आता है, बल्कि यह प्रशासनिक अराजकता और विभागीय निगरानी तंत्र की विफलता को भी उजागर करता है। यह प्रकरण केवल एक ठेकेदार की मनमानी तक सीमित नहीं है, बल्कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली, साइट निरीक्षण व्यवस्था और परियोजना पर्यवेक्षण प्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है कि बिना सीमांकन निजी भूमि में निर्माण कैसे हुआ, बिना स्वीकृति यह कार्य किसके निर्देश पर किया गया, तकनीकी निरीक्षण रिपोर्ट कहां है और परियोजना अभिलेखों में भूमि उपयोग की स्वीकृति दर्ज क्यों नहीं है। शिकायतकर्ता किसान ने प्रशासन से मांग की है कि उसकी भूमि में डाली गई अवैध पाइपलाइन को तत्काल हटाया जाए, भूमि की पूर्व स्थिति बहाल की जाए, दोषी ठेकेदार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। यह मामला ग्रामीण क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं की आड़ में किसानों के भूमि अधिकारों की अनदेखी, तकनीकी नियमों की उपेक्षा और प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर उदाहरण बनकर सामने आया है, जो शासन-प्रशासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और विधिक व्यवस्था की वास्तविक परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है।

# सड़क हादसे में मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

एबी रोड पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जिसमें 21 वर्षीय सेजल, पिता प्रदीप निवासी ग्राम डकाच्या की मौत हो गई। वह किसी काम से एबी रोड से गुजर रहे थे, तभी वह भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उन्होंने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया।

## विद्युत संबंधी 43 शिकायतों का समाधान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से मुख्यालय स्तर पर विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के बाद सर्कल स्तर पर शिकायत निवारण फोरम स्थापित कर प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। जिला मुख्यालय स्थित बिजली कंपनी के सर्कल कार्यालय स्थित इन फोरम पर कोई भी उपभोक्ता बिल असंतुष्टि, मीटर संबंधी, बकाया राशि, नए कनेक्शन व अन्य विद्युत मामलों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत कर समाधान के लिए संपर्क कर सकता है। जिला फोरम की विभिन्न तिथियों के तहत तिमाही बैठकों में आई 43 शिकायतों का समाधान किया गया।

## सेवानिवृत अधिकारियों-कर्मचारियों का सम्मान आज शाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

लोक निर्माण विभाग के 15 सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचरियो का सम्मान समारोह आज शाम 6.30 बजे होगा। यह जानकारी देते हुए राजेश गौड़ ने बताया कि विभाग के पलासिया स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय पर यह सम्मान आयोजन होगा।

## 64 लीटर देशी शराब पकड़ाई



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मोहल्ला समिति की बैठक बाणगंगा पुलिस ने विगत दिनों की थी और रहवासियों को कहा था कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दे। इसी क्रम में जानकारी मिलने के बाद भवानी नगर में अर्जुन ठाकुर पंवार के घर पर दबिश दी, जहां से शराब के क्वाटर मिलने की बात पुलिस ने बताई। 373 क्वाटर 64 लीटर अवैध देशी शराब जब्त की। पुलिस ने अर्जुन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

# स्मार्ट मीटर पखवाड़ा मनाया जाएगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर द्वारा इंदौर समेत सभी 15 जिलों में 9 से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़े पर विविध आयोजन होंगे। इस दौरान उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के लाभ, त्रुटिरहित व त्वरित बिजली बिल सेवा, ऊर्जस एप पर स्मार्ट मीटर की लाइव जानकारी, गैर घरेलू उपभोक्ताओं को पावर फैक्टर की छूट, सौर ऊर्जा गणना के लिए स्मार्ट मीटर से मीटर राशि की बचत, दिन में बिजली खपत के लिए टीओडी गणना इत्यादि लाभों को बताया जाएगा। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के साथ ही लगाए गए चेक मीटर संबंधित रिपोर्ट संबंधी भी जानकारी दी जाएगी, जिसमें दोनों ही मीटरों में खपत का स्तर समान दर्ज हुआ है। पखवाड़े के दौरान पश्चिम क्षेत्र कंपनी की ओर से शिविर, कार्यशालाएं, शिकायत निवारण, तकनीकी जानकारी प्रदान करने के लिए विशेष सत्र, प्रदर्शनी इत्यादि के आयोजन होंगे। इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य आम लोगों को स्मार्ट मीटर के फायदे बताने, भ्रम दूर करने एवं बिजली उपभोक्ताओं की संतुष्टि को लेकर रचनात्मक प्रयास हैं।

# जम्मू-कश्मीर के सामने म.प्र.की हालत पतली

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

जम्मू कश्मीर के 194 रनों के जवाब में म.प्र. के शुरुआती बल्लेबाज टिक नहीं सके और दूसरे दिन समाचार लिखे जाने तक मेजबान टीम ने 4 विकेट सिर्फ 55 रन पर खो दिए थे। होलकर स्टेडियम पर खेले जा रहे इस पांच दिनी रंजी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में म.प्र. ने आज बगैर किसी नुकसान के 28 रनों से आगे खेलना प्रारंभ किया था। म.प्र. ने हर्ष गवली 10, हिमांशु मंत्री 0, शुभम शर्मा 1 तथा कप्तान रजत पाटीदार 10 के विकेट सस्ते में खो दिए। यश दुबे 23 रन बनाकर विकेट पर मौजूद थे उनका साथ वेंकटेश अय्यर दे रहे थे।

# रैपिडो बाइक टैक्सी को यातायात नियमों का पालन करना जरूरी

## नियमों का पालन करने हेतु रेपिडो के मुख्यालय को भेजा जायेगा नोटिस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आरटीओ द्वारा 12 रैपिडो बाइक टैक्सी जब्त किए जाने की कार्रवाई के बाद कल बड़ी संख्या में रैपिडो चालक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय पहुंचे। चालकों ने बताया कि वे रैपिडो के जरिए अपना घर-परिवार चला रहे हैं और इससे शहर के छात्रों व दैनिक यात्रियों को भी काफी सुविधा मिलती है। इसी वजह से कार्रवाई के बाद उनमें चिंता का माहौल बना हुआ है। चालकों ने आरटीओ अधिकारियों से मुलाकात कर कहा कि वे सभी नियमों का पालन करने के लिए तैयार हैं, लेकिन कंपनी ने उन्हें कभी यह स्पष्ट नहीं बताया कि बाइक टैक्सी चलाने के लिए व्यावसायिक नंबर प्लेट और ट्रेड लाइसेंस जरूरी होता है। कंपनी उनसे केवल ड्राइविंग लाइसेंस, बाइक के कागज और आधार कार्ड लेती है। मामले पर एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने स्पष्ट किया कि आरटीओ किसी की रोज़ी-रोटी छीनना नहीं चाहता, लेकिन नियमों का पालन अनिवार्य है। बिना उचित अनुमति के हम संचालन की अनुमति नहीं दे सकते है। एआरटीओ ने बताया कि इस मामले में रेपिडो के मुख्यालय को नोटिस भेजा जा रहा है। उन्हें निर्देश दिए जाएंगे कि वह सभी नियमों के तहत ही संचालन करे। यदि नियमों का पालन नहीं हुआ, तो शहर में बाइक टैक्सी सेवा को बंद कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में ट्रैफिक डीसीपी को भी पत्र भेजा जा रहा है, ताकि बिना नियमों के चल रही बाइक टैक्सी सेवाओं पर कार्रवाई की जा सके। एआरटीओ राजेश गुप्ता ने सभी चालकों को इस संबंध में नियमों की जानकारी दी।

### इंदौर में रैपिडो ( बाइक टैक्सी ) चलाने के जरूरी नियम

बाइक का व्यावसायिक पंजीकरण होना जरूरी। कंपनी के पास ट्रेड लाइसेंस होना चाहिए। चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस। वाहन का कमर्शियल बीमा और वैध पीयूसी। चालक और सवारी दोनों के लिए हेलमेट अनिवार्य। कंपनी के पास परिवहन विभाग की अनुमति जरूरी।

# 1 लाख 83 हजार की मदिरा और सामग्री जब्त



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आबकारी विभाग के देवेश चतुर्वेदी, मनोज अग्रवाल, गणपतसिंह धुंध के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक कृतिका द्विवेदी नेतृत्व में वृत्त महू-अ में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। महू के सिमरोल, चिकली जोशी गुरडिया, पठान पिपलिया, तलाई नाका, बगोदा एवं अन्य स्थानों पर दबिश दी गयी। कार्यवाही में कुल 16 छापों में 14 प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत बनाए। कार्यवाही में 160 लीटर हाथ भट्टी मदिरा व 1550 किलोग्राम महुआ लहान सैंपल लेकर मोके पर नष्ट किया गया। मदिरा, महुआ लहान व सामग्री का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 183000 रुपए है। विभाग के सी.के. साहू, गोपाल यादव, पवन टिकेकर, मीरा सिंह, जया मुजाल्दे, कमलेश निहोरे, मोहित रैकवार, हेमा धुर्वे, एलेन बघेल, कुलदीप चौहान, मोहित कचवाहा, विकास मंडलोई, विवेक कनाडे, राहुल जामोद का योगदान रहा।

# नायर क्रिकेट एकेडमी की शानदार जीत







**इन्दौर ।** आईडीसीए के तत्वावधान में अपेक्स क्लब द्वारा आयोजित एवं संजय लुणावत फाउण्डेशन द्वारा प्रायोजित प्रभा सुरेशचन्द्र लुणावत अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एनसीए एवं स्टार क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें स्टार क्लब ने पहले खेलते हूए 43 ओवरो में सभी विकेट खोकर 120 रन बनाये। अथर्व राठौर ने 30 रन बनाये। अरमान खनूजा एवं अथर्व जायसवाल ने 3-3 विकेट लिये । जवाब में एनसीए की टीम ने 38 ओवरो में 2 विकेट खोकर 123 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से जीत लिया । जयदीप राठौर ने 79 रन बनाये।

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच देव्ज एकेडमी एवं इंदौर स्पोटस के मध्य मैच खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 42 ओवरो में 168 रन बनाये। घनिष्ठ जसोदिया ने 58 रन बनाये। अंश वर्मा ने 4 विकेट एवं दिव्यांश पाराशर ने 3 विकेट लिये । जवाब में इंदौर स्पोटस की टीम 34 ओवरो में 108 रनों पर सिमट गई और यह मैच 60 रनों से हार गई । रूद्राक्ष कोल ने नाबाद 55 रन बनाये। विहान, प्रणय, आयांश एवं पवित्र ने 2-2 विकेट लिये ।

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच श्रीराम स्पोर्टस एवं एसएलएफ के मध्य खेला गया जिसमें श्रीराम स्पोर्टस ने पहले खेलते हुए 49 ओवरो में सभी विकेट खोकर 218 रन बनाये। अनय पाटीदार ने सर्वाधिक 65 रन बनाये। रोहित व आराध्य ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में एसएलएफ की टीम 25 ओवरो में मात्र 48 रनों पर सिमट गई और यह मैच 170 रनों के विशाल अंतर से हार गई । कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक नहीं छू सका। इजान खान ने 4 विकेट एवं मोक्ष व भव्य ने 2-2 विकेट लिये ।

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमबीसीए एवं एमवायसीसी के मध्य खेला गया जिसमें एमबीसीए ने पहले खेलते हुए 48 ओवरो में सभी विकेट खोकर 150 रन बनाये। प्रशांत राजपुत ने 71 रन बनाये। आराध्य वर्मा ने 4 विकेट लिये । जवाब में एमवायसीसी की टीम 25 ओवरो मतें 76 रनों पर सिमट गई और यह मैच 74 रनों से हार गई । प्रशांत राजपुत ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट एवं आरव व्यास ने 4 विकेट लिये । फोटो-प्रशांत राजपुत एवं आरव व्यास

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच राउ क्लब एवं एकेसीए के मध्य खेला गया जिसमें राउ क्लब ने पहले खेलते हुए 44 ओवरो में 237 रन बनाये। आनुष बर्मन ने 80 रन एवं जाबीर खान ने 70 रन बनाये। प्रतिक गुर्जर ने 5 विकेट लिये । जवाब में एकेसीए की टीम 35 ओवरो में 169 रनों पर सिमट गई और यह मैच 69 रनों से हार गई। अमोघ कोहली ने 56 रन बनाये। जाबिर, मानस, आयुष व अतिक ने 2-2 विकेट लिये ।

**जय गिरनारी क्लब की रोमांचक जीत-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच जय गिरनारी एवं इंदौर कोल्टस के मध्य खेला गया जिसमें इंदौर कोल्टस ने पहले खेलते हुए 40 ओवरो में 135 रन बनाये। सार्थक जोशी ने 36 रन एवं हर्ष ने 35 रन बनाये। निश्चय पालिया ने 4 विकेट लिये । जवाब में जय गिरनारी क्लब की टीम ने 34 ओवरो में 7 विकेट खोकर 136 रन बनाकर यह मैच 3 विकेट से जीत लिया। आर्यन राज ने 30 रन बनाये। तन्मय जैन ने 2 विकेट लिये।

## वर्ल्ड कप जीतने पर नही मिली कोई प्राइज मनी

**नई दिल्ली।** भारत रिकॉर्ड छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड कप का विजेता बना है। फाइनल मैच में उसने इंग्लैंड को 100 रनों से मात देकर विश्व विजेता होने का तमगा हासिल किया है। आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली टीम इंडिया पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारी। वैभव सूर्यवंशी ने फाइनल में 175 रनों की मैच विजेता पारी खेली। भारतीय टीम ने एकजुट होकर प्रदर्शन दिखाया, लेकिन विश्व विजेता बनने के लिए उसे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से कोई प्राइज मनी नहीं मिलेगी। आखिर क्यों? अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद भारतीय टीम को अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के लिए कोई प्राइज मनी नहीं देगी, क्यों? इसकी वजह है कि आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप को एक डेवलपमेंट टूर्नामेंट के तौर पर देखता है। इसका उद्देश्य युवा खिलाड़ियों का विकास, प्रतिभा को निखारना और उन्हें अनुभव प्रदान करना है। पिछली बार भी आईसीसी ने अंडर-19 विश्व विजेता को कोई प्राइज मनी नहीं दी थी। भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के युवाओं को निराश होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अपने खिलाड़ियों को उनकी मेहनत का तोहफा देती आई है।

# सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला द्वारा सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों, प्राप्त उपलब्धियों तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासनिक न्यायाधिपति ने सामुदायिक स्तर पर विवादों के सौहार्दपूर्ण एवं त्वरित समाधान में सामुदायिक मध्यस्थता की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक मध्यस्थता से न केवल न्यायालयों पर भार कम होता है, बल्कि समाज में आपसी समझ, सहयोग एवं शांति भी सुदृढ़ होती है। बैठक में न्यायाधिपति ने जनसामान्य में मध्यस्थता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं पोटेंशियल ट्रेनर डॉ. मोहम्मद शमीम, प्रिंसिपल रजिस्ट्रार अनूप कुमार त्रिपाठी, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी नीरज मालवीय, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर के अधिकारी, कर्मचारी व विभिन्न समुदायों से प्रशिक्षित किए गये सामुदायिक मध्यस्थ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी सामुदायिक मध्यस्थों को मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से उपलब्ध कराई डायरी भी प्रदान की गई।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **तोताराम पिता श्री नाथूलाल महावर** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं.2000332083 पता ज़ी-464 सिलीकान सिटी इन्दौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**


# गेहूं के लिए 61 पंजीयन केन्द्र

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में जिले में गेहूं उपार्जन के लिए 61 गेहूं पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। पंजीयन केन्द्रों के प्रबंधक, ऑपरेटर एवं विभागीय अधिकारियों को किसान पंजीयन से लेकर भुगतान की प्रक्रिया में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों इत्यादि का विस्तृत प्रशिक्षण आई.पी.सी बैंक में दिया गया। पंजीयन आज से शुरू हुआ जो 7 मार्च तक चलेगा। पंजीयन निर्धारित 61 केन्द्रों पर रहेगा। एप पर भी पंजीयन किया जा सकेगा। अन्य जगह भी पंजीयन हो रहे है। कलेक्टर द्वारा पंजीयन की एवं आगामी उपार्जन की तैयारी के लिए जिला स्तर उपार्जन समिति का गठन किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि किसानों को पंजीयन में कोई असुविधा न हो एवं पंजीयन केन्द्रों पर बैठने, पीने के पानी की आवश्यक व्यवस्था भी की जाए। पंजीयन निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाए एवं केन्द्र पर लगाए गए नोडल अधिकारी द्वारा पंजीयन केन्द्र का निरीक्षण किया जाए। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने हेतु पंजीयन का होना आवश्यक है।

## योग टेंपल पर निशुल्क 'दिव्य चैतन्य ध्यान' कार्यक्रम होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** योग टेंपल आयुर्वेद पंचकर्म एवं नेचुरोपैथी क्लिनिक साजननगर, नवलखा पर 8 फरवरी रविवार को प्रातः 8:15 बजे से निशुल्क 'दिव्य चैतन्य ध्यान' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। योगी मनोज गर्ग ने बताया कि डिप्रेशन और घबराहट के अलावा चिंता, तनाव दूर करने, नशे की प्रवृति से दूर रहने के लिए ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# आज शाम भिड़ेंगी दो महाशक्तियां

## टीम इंडिया की अमेरिका से टक्कर, भारत का पलड़ा भारी

**मुंबई ।** दो साल पहले पिछले टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में जिन सूर्यकुमार यादव ने करिश्माई कैच लपक कर भारत को विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हीं सूर्यकुमार की अगुआई में टीम इंडिया आज से टी20 खिताब को बचाने के मिशन के साथ मैदान पर होगी। आज अमेरिका के खिलाफ मैच के साथ भारत अपने इस अभियान की शुरुआत करेगा।

इस मैच को मजाक में 'आधार कार्ड बनाम ग्रीन कार्ड' कहा जा रहा है। अमेरिकी टीम की जर्सी में कई ऐसे चेहरे होंगे जिन्होंने भारत में ही क्रिकेट का ककहरा सीखा। लेकिन, उलटफेर करने में माहिर इस अमेरिकी टीम को हल्के में लेने की गलती टीम इंडिया नहीं करेगी। शनिवार शाम को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाने वाला यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए टूर्नामेंट का महज औपचारिक आगाज नहीं, बल्कि इरादों का ऐलान है। जहां भारत अपनी बादशाहत बनाए रखने उतरेगा और अमेरिका यह साबित करने कि क्रिकेट में उसकी मौजूदगी महज संयोग नहीं ।

टी20 वह फॉर्मेट बन चुका है जिसमें भारत सबसे सहज, सबसे संतुलित और सबसे आत्मविश्वासी दिखता है। यह भारतीय टीम टी20 को 'खेलती' नहीं, नियंत्रित करती है। भारतीय बैटिंग ऑर्डर किसी तय स्क्रिप्ट पर नहीं चलता। जरूरत पड़ी तो मध्य ओवरों में धैर्य और आखिरी ओवरों में निर्दयी प्रहार टीम के पास हर मोड़ के लिए तैयार जवाब है।



भारतीय टीम का आत्मविश्वास सिर्फ नामों पर नहीं, आंकड़ों पर भी टिका है। पिछले एक साल (6 फरवरी 2025 से 6 फरवरी 2026 तक) में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अभिषेक शर्मा का स्ट्राइक रेट 195, हार्दिक पंड्या का 168 और सूर्यकुमार यादव का 157 का रहा है। उनके साथ ईशान किशन ने वापसी के बाद लगातार प्रभाव छोड़ा है और 4 मैचों में 231 के स्ट्राइक रेट से 215 रन बनाए हैं। अभिषेक शर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी पावरप्ले में भारत की बड़ी ताकत रही है। उनके द्वारा दी गई बेहतरीन शुरुआत का फायदा उठाने के लिए मध्यक्रम में कप्तान सूर्या, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ी हैं। रिंकू सिंह जैसे फिनिशर की मौजूदगी भारत को आखिरी ओवरों में बढ़त देती है।

गेंदबाजी में भारत का सबसे बड़ा हथियार जसप्रीत बुमराह हैं, जिनकी टी20 विश्व कप में इकॉनमी 5.44 रही है। वर्ल्ड कप में 26 विकेट ले चुके बुमराह को साथी पेसर अर्शदीप का अच्छा साथ मिलेगा, जो टी20 वर्ल्ड कप में 27 विकेट ले चुके हैं। हालांकि उनका इकॉनमी रेट 7.42 रन प्रति ओवर है। स्पिन में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव जैसे उम्दा विकल्प है, जिन्होंने पिछले एक साल में क्रमशः 26 और 25 विकेट टी20 इंटरनैशनल मैचों में लिए है। हालांकि दोनों का इकॉनमी रेट इस साल क्रमशः 9 और 9.63 रन प्रति ओवर का रहा है।

वैश्विक मंच पर अमेरिकी टीम थोड़ी नई जरूर है पर इसे कमजोर टीम नहीं कह सकते। कप्तान मोनांक पटेल ने पिछले एक साल में टी20 में लगातार रन बनाए हैं (9 मैचों में 365 रन, 1 सेंचुरी और 3 फिफ्टी), जबकि साइतेजा मुक्कमाला और मिलिंद कुमार ने मध्यक्रम में स्थिरता दी है। साइतेजा अपनी टीम के सबसे अधिक रैंकिंग्स ( 25वीं ) वाले बैटर है और उनके नाम दो फॉर्मेट में इंटरनैशनल सेंचुरी है। शुभम रंजने और हरमीत सिंह जैसे खिलाड़ी भारतीय हालात से वाकिफ हैं। गेंदबाजी में सौरभ नेत्रवलकर अमेरिका का सबसे भरोसेमंद नाम हैं (टी201 में 40 विकेट, इकॉनमी रेट 6.85), जबकि अली खान डेथ ओवरों में गति और उछाल से बल्लेबाजों को परेशान करते हैं।

# वैभव ने करोड़ों फैंस का दिल भी जीता

## भारत को दिलाया छठा अंडर-19 वर्ल्ड कप

**हरारे ।** युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप फाइनल में शानदार पारी खेलने के बाद मिला 'प्लेयर ऑफ द फाइनल' पुरस्कार भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ को समर्पित किया। सूर्यवंशी अंडर-19 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द फाइनल' और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' दोनों पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने 80 गेंद में 175 रन की तूफानी पारी खेलकर बड़े मंच पर धमाल मचाया और भारत को इंग्लैंड पर 100 रन की जीत के साथ रिकॉर्ड छठा खिताब दिलाया।

पुरस्कार वितरण समारोह में सहयोगी स्टाफ के योगदान को सराहते हुए सूर्यवंशी ने कहा, मैं अपनी भावनाओं को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता, लेकिन पिछले सात-आठ महीनों से जिस तरह हम सभी ने कड़ी मेहनत की है और हमारे सहयोगी स्टाफ ने लंबे समय से हमारे साथ रहकर हमेशा यह सुनिश्चित किया कि हम ठीक रहें। मैं यह पुरस्कार उन्हें समर्पित करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा, पिछले आठ से नौ महीनों से सहयोगी स्टाफ और टीम एक साथ काम कर रहे हैं। उसी तैयारी ने हमें आज इस मुकाम तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। चौदह वर्षीय सूर्यवंशी ने अंडर-19 क्रिकेट में सबसे तेज 150 रन पूरे करने का रिकॉर्ड भी बनाया, उन्होंने यह उपलब्धि 71 गेंदों में हासिल की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 411 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की जवाब में 311 रन पर सिमट गई। युवा विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के 175 रन की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर रिकॉर्ड



छठी बार आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीता। भारत ने इससे पहले 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में ट्रॉफी जीती थी। यह टूर्नामेंट के इतिहास में भारत के दबदबे को दिखाता है। चौदह वर्षीय सूर्यवंशी ने सिर्फ 80 गेंद में शानदार 175 रन बनाए। उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज 150 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया और यह मुकाम 71 गेंदों में हासिल किया। इससे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 411 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया।इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और कालेब फाल्कनर के 115 रन की शतकीय पारी के बावजूद आखिरकार 311 रन पर ऑल आउट हो गया।

# अंडर-19 विश्व विजेता बना भारत

### यूं जश्न में डूब गए भविष्य के सितारे, अब टी20 विश्वकप में सूर्या सेना की बारी

**हरारे ।** आयुष म्हात्रे की अगुवाई में भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल में टीम इंडिया की टक्कर इंग्लैंड से थी। आयुष म्हात्रे के 175 रनों की मदद से भारत की अंडर-19 टीम ने 411 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने भी विस्फोटक बैटिंग की लेकिन टीम की पारी 311 रनों पर सिमट गई। चैंपियन बनने के बाद भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने जोरदार जश्न मनाया।

**जीत के बाद दमदार जश्न-** भारतीय अंडर-19 टीम ने जीत के बाद जोरदार जश्न मनाया। कनिष्क चौहान ने कैलेब फॉल्कनर का कैच लिया। इस कैच के साथ ही भारतीय टीम चैंपियन बनी और खिलाड़ी जश्न में डूब गए।

**छठी बार चैंपियन बनी टीम-** भारतीय टीम ने छठी बार अंडर-19 विश्व कप का खिताब जीता है। इससे



पहले टीम ने 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में भी अंडर-19 विश्व कप को अपने नाम किया था।

**फाइनल में रिकॉर्ड तोड़ बैटिंग-** भारतीय टीम ने पहले बैटिंग करते हुए बोर्ड पर 411 रन टांग दिए। यह अंडर-19 विश्व कप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर भी है। वैभव सूर्यवंशी ने टीम के लिए सिर्फ 80 गेंद पर 175 रनों की पारी खेली।

**लगातार छठी बार फाइनल खेला-** 2016 से भारतीय टीम ने हर बार अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई है। इस दौरान भारतीय टीम ने 38 मुकाबले खेले और सिर्फ तीन हारे। ये तीनों फाइनल मुकाबले ही थे।

**तिरंगा लेकर मनाया जश्न-** भारतीय खिलाड़ियों ने तिरंगे के साथ जश्न मनाया। जीत के बाद सपोर्ट स्टाफ के सदस्य भी मैदान पर आ गए थे। भारत महिला अंडर-19 विश्व कप का भी चैंपियन है।

# मैच से पहले ओपनिंग सेरेमनी में ये सितारें बांधेंगे समां

**मुंबई ।** टी20 विश्व कप 2026 शुरू हो रहा है और यह इस बार भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेला जा रहा है। पाकिस्तान और नीदरलैंड्स के बीच टूर्नामेंट का पहला मुकाबला कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब पर आज होगा। पहले ही दिन टीम इंडिया भी मैदान पर होगी। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7 बजे से भारत का मुकाबला यूएस से होने वाला है। इस मैच से पहले वानखेड़े स्टेडियम पर ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा।

**ओपनिंग सेरेमनी में कौन परफॉर्म करेंगे?-** मैच शुरू होने से एक घंटे पहले यानी शाम 6 बजे ओपनिंग सेरेमनी की शुरुआत होगी। फेमस सितार वादक ऋषभ रिखीराम शर्मा का परफॉर्मेंश होगा। वह सोशल मीडिया पर काफी फेमस हैं। उनके अलावा सिवामनी भी वानखेड़े स्टेडियम में समां बांधेंगे। इसके साथ ही मशहूर रैपर बादशाह और एक्ट्रेस नोरा फतेही भी ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी। आईसीसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इसकी घोषणा की।

**स्टेडियम के गेट 4 बजे खुल जाएंगे-** भारत और अमेरिका के मुकाबले के लिए वानखेड़े स्टेडियम की गेट शाम 4 बजे खुल जाएंगे। सिर्फ मैच के टिकट होल्डर ही ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हो पाएंगे। आईसीसी ने फैंस को सलाह दी है कि जल्द से जल्द स्टेडियम पहुंच जाएं, जिससे कार्यक्रम मिस न हो। इस दौरान आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह और पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी मौजूद रहेंगे। रोहित की कप्तानी में ही भारत ने पिछले टी20 विश्व कप को अपने नाम किया था। उन्हें इस बार टूर्नामेंट का ब्रॉन्ड एम्बेस्डर बनाया गया है।

# जहां की थी चाकूबाजी उसी सड़क पर निकाला जुलूस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खजराना क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले शातिर बदमाश शोएब उर्फ चिकना की गुंडागर्दी का पुलिस ने चंद घंटों में अंत कर दिया। पुलिस ने न केवल आरोपी को सलाखों के पीछे पहुँचाया, बल्कि उसका उसी इलाके में पैदल जुलूस निकाला जहाँ उसने खूनी संघर्ष कर खौफ पैदा किया था। बदमाश को पुलिस के सामने गिड़गिड़ाते देख जनता का डर खत्म हुआ और व्यापारियों ने फूल बरसाकर पुलिस टीम का इस्तकबाल किया।

**जनता ने पुलिस पर बरसाए फूल**

वारदात 4 फरवरी की रात की है, जब जाकिर होटल के सामने खजराना मेन रोड पर आरोपी शोएब उर्फ चिकना ने शराब के नशे में धुत होकर वासिम खान नामक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। इस सरेराह हुई चाकूबाजी से मुख्य मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई थी और स्थानीय व्यापारियों में असुरक्षा का भाव पैदा हो गया था।मामले की गंभीरता देखते हुए खजराना टीआई मनोज सेंधव ने टीम गठित की और





घेराबंदी कर शोएब को दबोच लिया। अपराधियों के मन में पुलिस का खौफ पैदा करने के लिए टीम उसे उसी घटनास्थल पर लेकर पहुँची। यहाँ बदमाश की सारी हेकड़ी हवा हो गई और वह हाथ जोड़कर, कान पकड़कर उठक-बैठक लगाते हुए जनता से अपने किए की माफी मांगता नजर आया।पुलिस की इस 'जीरो टॉलरेंस' कार्रवाई से क्षेत्र के नागरिक और व्यापारी गदगद हो गए। व्यापारिक एसोसिएशन के सदस्यों ने खजराना पुलिस के स्टाफ पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया और 'पुलिस प्रशासन जिंदाबाद' के नारे लगाए। व्यापारियों का कहना है कि ऐसी कार्रवाई से ही अपराधियों के हौसले पस्त होंगे। खजराना पुलिस ने साफ कर दिया है कि क्षेत्र की शांति भंग करने वाले और चाकूबाजी जैसे अपराधों में संलिप्त गुंडों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। पुलिस के अनुसार, शोएब जैसे अन्य लिस्टेड बदमाशों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है ताकि आम जनता बिना किसी डर के अपना कारोबार और जीवन व्यतीत कर सके।

## ड्यूटी के दौरान शोरूम कर्मचारी को आया हार्ट अटैक

### *अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत*

### *परिजनों ने लगाया इलाज में देरी का आरोप*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देवास नाका स्थित टोयोटा शोरूम के गोदाम में ड्यूटी कर रहे एक 48 वर्षीय कर्मचारी की शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ने और सीने में दर्द के बाद मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि यदि निजी अस्पताल में समय रहते सही इलाज मिल जाता तो जान बचाई जा सकती थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक का नाम उत्तम पिता निर्मल (48) निवासी फिनिक्स सिटी, देवासनाका है। वह टोयोटा शोरूम के गोदाम में कार्यरत थे। शुक्रवार शाम ड्यूटी के दौरान अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठा। उन्होंने तुरंत अपने साथी कर्मचारियों को इसकी सूचना दी, जो उन्हें लेकर पास के ही एक निजी अस्पताल पहुंचे।मृतक के बड़े बेटे ने बताया कि पिता को सुबह से ही हल्का दर्द महसूस हो रहा था, लेकिन दवा लेने के बाद वे ड्यूटी पर चले गए थे। शाम को जब दोबारा दर्द बढ़ा, तो उन्हें अस्पताल ले जाया गया। परिजनों का आरोप है कि निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तुरंत प्राथमिक उपचार देने के बजाय एमवाय अस्पताल रेफर करने की औपचारिकता में समय बिताया। परिजनों का कहना है कि वे इलाज का पूरा खर्च देने को तैयार थे, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें दूसरे अस्पताल भेज दिया। उन्होने एमवाय अस्पताल पहुँचने से पहले रास्ते में ही दम तोड़ दिया।लसूडिया थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

## रेलवे स्टेशन रोड पर लगा जाम



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। यशवंत प्लाजा-रेलवे स्टेशन रोड पर रोजाना यातायात जाम की स्थिति बनी रहती है। आज सुबह भी काफी देर तक जाम के चलते अफरा-तफरी मची रही। काफी देर तक यह स्थिति बनी रही कि टू-व्हीलर भी इस जाम से बाहर नहीं निकल पाए, यहां तक कि पैदल चलना भी दूभर दिखाई दे रहा था। इस जाम के दौरान पुलिस ने काफी देर तक कोई मशक्कत नहीं की।

## मकान बनाते समय मिस्त्री को आया हार्ट अटैक मौके पर ही दम तोड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राऊ थाना क्षेत्र की पद्मावती कॉलोनी में काम के दौरान एक मिस्त्री की अचानक मौत हो गई। मृतक की पहचान 32 वर्षीय राहुल पिता प्रह्लाद, निवासी पुनासा खंडवा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, राहुल क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था, तभी अचानक उसके सीने में तेज दर्द हुआ और वह गिर पड़ा। साथी कर्मचारी उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## गाड़ी टकराने के विवाद में चाकू से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूडिया थाना क्षेत्र अंतर्गत स्कीम नंबर-78 में मामूली सड़क हादसे ने हिंसक रूप ले लिया। एक ओला चालक की गाड़ी सड़क पर चल रहे व्यक्ति से क्या टकराई, बदमाशों ने गाली-गलौज करते हुए उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, ब्रह्मपुरी कॉलोनी निवासी फरियादी दीपक सोनी पिता रमाकांत सोनी अपनी ओला गाड़ी से स्कीम नंबर-78 से गुजर रहे थे। इसी दौरान सड़क पर चल रहे एक राहगीर से उनकी गाड़ी हल्की सी टकरा गई। इस बात पर राहगीर भड़क गया और फरियादी को सरेराह गालियां देने लगा। जब फरियादी ने गाली देने का विरोध किया, तो वह व्यक्ति और उसका एक अन्य साथी फरियादी के साथ मारपीट करने लगे।हंगामा बढ़ता देख फरियादी का दोस्त मनीष और आसपास के लोग बीच-बचाव करने दौड़े। इसी बीच, दोनों हमलावरों में से एक ने अचानक अपनी पेंट की जेब से चाकू निकाला और फरियादी की कमर के दाहिने हिस्से पर पीछे से वार कर दिया। हमले में फरियादी गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर खून बहने लगा।वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। जाते-जाते उन्होंने दीपक को सरेआम धमकी दी कि 'आज तो तू बच गया है, अगर आइंदा इस इलाके में दिखाई दिया तो तुझे जान से खत्म कर देंगे।' लसूडिया पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

## अंतिम संस्कार में जा रहे व्यक्ति की सिटी बस से गिरकर मौत

### *गेट पर कंडक्टर को पैसे देते समय बिगड़ा संतुलन, चालक 200 रुपए थमाकर भागा*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर की बेलगाम भागती सिटी बसों की लापरवाही ने एक और हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। खजराना थाना क्षेत्र के मायापुरी में रहने वाले एक व्यक्ति की सिटी बस से गिरने के कारण मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब मृतक अपनी मां और भाई के साथ एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे।

बताते है कि मायापुरी कॉलोनी निवासी राजकुमार पिता सुरेश (45) अपने भाई पप्पू और मां के साथ नेमावर रोड स्थित बाईग्राम जा रहे थे। उन्हें रिंग रोड स्थित नोबल पब्लिक स्कूल से तीन इमली चौराहे तक जाना था। भाई पप्पू ने बताया कि बस पहले से ही सवारियों से खचाखच भरी हुई थी। जैसे ही वे बस में चढ़े, कंडक्टर ने गेट पर ही टिकट के पैसे मांगना शुरू कर दिए। राजकुमार खुल्ले पैसे निकालने के लिए गेट के पास ही रुके थे।इसी दौरान बस चालक ने बस को तेज गति से आगे बढ़ाया, जिससे एक जोरदार झटका लगा। गेट पर खड़े राजकुमार अपना संतुलन नहीं बना पाए और सीधे चलती बस से सिर के बल नीचे सड़क पर गिर पड़े। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही काफी खून बह गया।हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। भाई पप्पू ने आरोप लगाया कि चालक ने बस रोकी तो सही, लेकिन मदद करने के बजाय पप्पू के हाथ में 200 रुपए थमा दिए और कहा कि 'रिक्शा करके इन्हें एमवाय अस्पताल ले जाओ' और खुद बस लेकर मौके से भाग निकला। परिजन आनन-फानन में राजकुमार को एमवाय अस्पताल लेकर पहुँचे, जहाँ डॉक्टरों ने बताया कि सिर की नस फटने के कारण उनकी मृत्यु हो गई।मृतक राजकुमार पेशे से मिस्त्री थे और किराए के मकान में रहकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। उनके दो बेटे और एक अविवाहित बेटी है। खजराना पुलिस ने मर्ग कायम कर सिटी बस के नंबर के आधार पर लापरवाह ड्राइवर और कंडक्टर की तलाश शुरू कर दी है।

## भक्ति के रंग में रंगा तिलक नगर थाना

**इंदौर।** तिलक नगर थाना परिसर कल पूरी तरह भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। थाने में सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या का आयोजन किया गया, जहाँ पुलिस के सख्त अनुशासन के बीच सुमधुर भजनों की गूँज ने सबका मन मोह लिया। इस धार्मिक आयोजन में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन की गरिमा बढ़ाने के लिए डीसीपी कुमार प्रतीक, एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह और तिलक नगर थाना प्रभारी मनीष लोधा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन और भाजपा नगर आईटी प्रभारी राजा कोठारी की भी विशेष मौजूदगी रही। भक्ति भाव से भरे इस आयोजन में 'मां भारती भजन मंडली' के गायक विशाल साहू ने अपनी सुमधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति दी, वहीं राजा कोठारी ने भी भजनों से उपस्थित जन-समूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कनाडिया थाना प्रभारी सहर्ष यादव, खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव सहित ट्रैफिक पुलिस के कई अधिकारी और जवान भी मौजूद थे।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।